# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 4 जनवरी 2025



अब होगी बचत वाली शॉपिंग खुल के और
मिलेंगे उपहार केवल 25 रुपए में।

नये साल का सबसे बड़ा ऑफर

केवल 14 जनवरी तक

शुभम् केसर मलाई राइस 1 KG शुभम मूल्य ₹64

तुअर दाल राजभोग 1 KG शुभम मूल्य ₹132

फार्च्यून सनलाइट ऑयल 1L शुभम मूल्य ₹144

कोलगेट मैक्सफ्रेश रेड जैल टूथपेस्ट 150*2 300GM MRP ₹265 शुभम मूल्य ₹162

डेल मोंटे टोमैटो केचप 900G MRP ₹130 शुभम मूल्य ₹75

हल्दीराम मूंग दाल 400G MRP ₹105 शुभम मूल्य ₹89

वास्तु काऊ घी 1 ltr. + कंटेनर फ्री MRP ₹739 शुभम मूल्य ₹499

धारा कच्ची घनी मस्टर्ड ऑयल 1L शुभम मूल्य ₹151

बजाज प्योर कोकोनट ऑयल 600ML BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹290

घड़ी डिटर्जेंट पाउडर 3KG MRP ₹195 शुभम मूल्य ₹156

शुभ काजू W400 500GM MRP ₹800 शुभम मूल्य ₹533

शुभ बादाम 500GM MRP ₹550 शुभम मूल्य ₹499

सर्फ एक्सेल डिटर्जेंट पाउडर 1 KG MRP ₹136 शुभम मूल्य ₹120

वीम डिश वाश जेल 750ML MRP ₹199 शुभम मूल्य ₹179

शुभ वाइट तिल्ली 1KG MRP ₹360 शुभम मूल्य ₹189

वाघ बकरी नवचेतन टी 1 KG MRP ₹240 शुभम मूल्य ₹189

जॉय हनी एंड अल्मड्स बॉडी लोशन 750ML BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹599

डेटोल ओरिजिनल सोप 4N*100 400G MRP ₹145 शुभम मूल्य ₹130

रसमलाई देसी गुड़ 960G MRP ₹90 शुभम मूल्य ₹65

ब्रिटानिया रस्क 700GM MRP ₹140 शुभम मूल्य ₹109

पतंजलि दूध बिस्कुट 800GM MRP ₹125 शुभम मूल्य ₹79

व्लूक्स टॉयलेट क्लीनर 1L BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹160

हिमालया नीम फेस वाश 200ML MRP ₹325 शुभम मूल्य ₹260

स्टेफ्री सिक्योर XL 40 पैड्स MRP ₹275 शुभम मूल्य ₹215

स्नग एंड ड्राई बेबी डायपर (9-14)L52 (7-12)M58 BUY 1 GET 1 FREE MRP ₹799

*नियम एवं शर्तें लागू: ऑफर स्टॉक रहने तक. ये ऑफर आयल, घी एवं शुगर में उपलब्ध नहीं होगा। *एक ऑफर के साथ एक ही प्रोडक्ट 25 रुपये के भुगतान पे दिया जाएगा।

₹699 की खरीदी पर इंडिपेंडेंस शक्कर 1 किलो MRP ₹80 मात्र ₹25 में

₹999 की खरीदी पर ₹149 मूल्य से अधिक वाला कैजुअल क्लॉथ बेल्ट या अन्य प्रोडक्ट मात्र ₹25 में

₹1999 की खरीदी पर ₹249 मूल्य से अधिक वाला लेदर बेल्ट या पर्स या अन्य प्रोडक्ट मात्र ₹25 में

₹4999 की खरीदी पर ₹350 MRP वाला इंडिपेंडेंस आटा 5 kg या अन्य प्रोडक्ट मात्र ₹25 में

₹7999 की खरीदी पर ₹2699 MRP वाली ब्लैंकेट या अन्य प्रोडक्ट मात्र ₹25 में

₹9999 की खरीदी पर ₹2999 MRP वाली प्रीमियम ब्लैंकेट या अन्य प्रोडक्ट मात्र ₹25 में

DISCOUNT UPTO 65% OFF होम एप्लायंस प्लास्टिक एवं गिफ्ट

हर दिन MRP पर कम से कम 9%* और उससे अधिक डिस्काउंट

फैशन सभी के लिए! DISCOUNT UPTO 75% OFF हैण्डलूम एवं होम डेकोर

रायपुर स्टोर: संतोषी नगर | पंडरी | पुरानी बस्ती | श्रीनगर | कोटा | सरोना | कमलविहार | देवेन्द्र नगर | चंगोराभाठा
सराईपाली | जुनवानी, भिलाई | पलारी | राजनांदगांव | भाटापारा | धमतरी | जैजैपुर | अकलतरा | पोटिया रोड, दुर्ग
अंजोरा | नवापारा राजिम | बालोद | खैरागढ़ | कवर्धा | उतई | शिवरीनारायण | सिमगा | बेमेतरा | पाटन

FOLLOW US ON: shubhamkmartoficl Shubham K Mart shubhamkmart2926

शुभम के मार्ट™ शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके !

नियम एवं शर्तें लागू: सभी ऑफर सूचना के बिना बदलाव के अधीन हैं | ऑफर स्टॉक रहने तक। दिखाये गए उत्पादों के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र है | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मदभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट एवं यूपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं | कस्टमर केयर हेल्पलाइन नंबर : 91091 99110


जय श्रीराम
ऊर्जावान, कर्तव्यनिष्ठ,
अटल और सेवाभावी व्यक्तित्व
आकाश विग जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
जीवेत शरदः शतम्
सौजन्य : MM GROUP
AdPRAYAS

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 4 जनवरी 2025

### छह माह लगेगा डबल शुल्क

*पॉवर कंपनी एनटीपीसी लारा से 2019 से आठ सौ मेगावाट बिजली रोज ले रही है। लारा में 800 मेगावाट के दो संयंत्र हैं, इसमें से एक की बिजली छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को मिलती है। पॉवर कंपनी जिन भी सरकारी या निजी कंपनियों से बिजली लेती है, उसका टैरिफ केंद्र और राज्य का बिजली नियामक आयोग तय करता है। एनटीपीसी का टैरिफ केंद्र के बिजली नियामक आयोग से तय होता है। इसका जो टैरिफ तय हुआ है और पॉवर कंपनी ने अब तक जो उससे बिजली ली है, उसमें करीब 30 पैसे यूनिट का अंतर होने के कारण 1502 करोड़ के अंतर की राशि हो गई है। इसको छह माह के अंतर में देने का आदेश हुआ है। इससे ज्यादा समय लगने पर सरचार्ज भी लग सकता है। इसलिए पॉवर कंपनी अब उपभोक्ताओं से इसकी वसूली कर रही है। दिसबंर में जो नवंबर का बिल आया था, उसमें अक्टूबर की खपत पर एफपीपीएएस लगा है। यह दो हिस्सों में लिया गया। पहला नियमति वाला करीब दस फीसदी और दूसरा लारा वाला सवा सात फीसदी था। अब नवंबर का एफपीपीएस तय किया गया है उसमें नियमित वाला 8.94 फीसदी और लारा वाला 7.99 फीसदी है। जनवरी में जो दिसंबर का बिल आएगा, उसमें नवंबर की खपत पर एफपीपीएएस शुल्क लिया जाएगा।*

# बिजली खरीदी के टैरिफ में पांच साल में अंतर निकला 15 सौ करोड़, अब हर माह उपभोक्ताओं से वसूली

## छह माह तक उपभोक्ताओं से दो हिस्सों में लिया जाएगा एफपीपीएएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि पड़ताल

हर माह ऊर्जा प्रभार पर जो फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) का शुल्क तय होता है, अक्टूबर से इसको दो हिस्सों में लिया जा रहा है। एक हिस्सा तो नियमित है, लेकिन दूसरा हिस्सा एनटीपीसी लारा के टैरिफ के अंतर का है। केंद्रीय बिजली नियामक आयोग ने लारा का 2019 से अब तक का जो टैरिफ तय किया है, उसके कारण छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने लारा से जो अब तक बिजली खरीदी है, उसमें 15 सौ करोड़ का अंतर आया है। अब इसको छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को छह किस्तों में देना है, इसलिए उपभोक्ताओं से इसकी वसूली छह किस्तों में छह माह तक होगी। इसका प्रारंभ अक्टूबर से हो चुका है।

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी प्रदेश के उपभोक्ताओं को जो बिजली उपलब्ध कराती है, वह बिजली उसके अपने संयंत्रों के साथ ही एनटीपीसी और अन्य संयंत्रों से ली जाती है। इसकी खरीदी पॉवर कंपनी करती है और इसका भुगतान किया जाता है। ▶▶ शेष पेज 2 पर

### अचानक आया बकाया का मैसेज

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को दिसंबर का बिल जमा करने के बाद भी अचानक नए साल में बकाया होने का मैसेज आया। किसी उपभोक्ता का 70 रुपए तो किसी का 130 रुपए, किसी का 170 रुपए तो किसी का दो सौ रुपए और कई का इससे ज्यादा भी बकाया होने का मैसेज आया। इसके बारे में पॉवर कंपनियों के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया दरअसल यह लारा के टैरिफ के अंतर की नवंबर में ली जाने वाली राशि है। कंपनी के अधिकारियों ने इसको पहले की तरह ही बिल में लेने की बात कही है और कहा है कि इसको अभी जमा करने की जरूरत नहीं है।



### अंतर की राशि ले रहे

*केंद्रीय बिजली नियामक आयोग ने एनटीपीसी लारा का जो टैरिफ तय किया है, उसके कारण उससे जो अब तक बिजली ली गई है, उसमें 1502 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इसको ही उपभोक्ताओं से लिया जा रहा है।*

*- भीमसिंह, एमडी राज्य पॉवर वितरण कंपनी*

---

रायपुर में गाड़ी छोड़कर फरार हुए आरोपी

## बीजापुर में पत्रकार की हत्या, लाश सेप्टिक टैंक में फेंकी और कर दिया था प्लास्टर







हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

एक जनवरी की शाम से लापता बीजापुर के युवा पत्रकार का शव शुक्रवार को ठेकेदार के परिसर स्थित सेप्टिक टैंक से बरामद कर लिया गया है। मुकेश के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला करने के बाद शव को सेप्टिक टैंक में फेंककर ऊपर से प्लास्टर कर दिया गया था। एक दिन पूर्व मुकेश के भाई यूकेश ने उसकी गुमशदगी की रिपोर्ट बीजापुर कोतवाली थाना में दर्ज कराई थी।

▪ शव को ठिकाने लगाने के बाद टैंक के ऊपर कर दिया गया था प्लास्टर

जानकारी के मुताबिक 1 तारीख से लापता बस्तर के यूट्यूबर और पत्रकार मुकेश चंद्राकर की लाश चट्टानपारा क्षेत्र में ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर के सेप्टिक टैंक में मिली है। बताया जा रहा है कि मुकेश चंद्राकर ▶▶ शेष पेज 2 पर



### रायपुर में मिली गाड़ी

*बीजापुर में जिस ठेकेदार के सेप्टिक टैंक से शव बरामद हुआ, उसी ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के छोटे भाई रितेश की थार जीप - सीजी 20-3333 रायपुर एयरपोर्ट की पार्किंग में मिली है। जानकारी के मुताबिक रितेश जीप से रायपुर पहुंचा और एयरपोर्ट की पार्किंग में कार पार्क करने के बाद गुरुवार को शाम 6.40 बजे की फ्लाइट से हैदराबाद निकल गया। इसके बाद रितेश हैदराबाद* ▶▶ शेष पेज 2 पर

### अपूरणीय क्षति

*बीजापुर के युवा और समर्पित पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या का समाचार अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक है। मुकेश का जाना पत्रकारिता जगत और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। इस घटना के अपराधी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने के निर्देश हमने दिए हैं।*

*- विष्णु देव साय मुख्यमंत्री*

### दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा

*पत्रकार मुकेश के हत्या मामले की जांच की जा रही है, जो भी दोषी होगा, उसे नहीं बख्शा जाएगा और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।*

*- सुंदरराज पी, आईजी, बस्तर*

---

पूर्व आबकारी मंत्री, उनके बेटे, तत्कालीन ओएसडी जयंत देवांगन का लिया गया बयान

# शराब घोटाले में कवासी और हरीश से आठ घंटे पूछताछ, ईडी ने की सवालों की बौछार

**दो हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, उनके बेटे हरीश और तत्कालीन ओएसडी जयंत देवांगन शुक्रवार को ईडी कार्यालय पहुंचे। वहां अफसरों ने उनसे अलग अलग तकरीबन आठ घंटे पूछताछ की। इस दौरान सवालों की बौछार होती रही। कवासी ने मीडिया से कहा कि वह आदिवासियों की आवाज उठाते रहे हैं, इसलिए उन्हें फंसाया जा रहा है।**

## कवासी बोले-आदिवासियों की आवाज उठाने की वजह से फंसाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गौरतलब है, कवासी लखमा, उनके बेटे तथा अन्य सहयोगियों के यहां छापे की कार्रवाई के बाद ईडी ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कवासी लखमा, उनके बेटे के यहां से शराब घोटाला से जुड़े पर्याप्त सबूत मिलने के दावा किया था। साथ ही छापे की कार्रवाई के दौरान जब्त डिजिटल डिवाइस में आपत्तिजनक सामग्री मिलने की ईडी ने संभावना व्यक्त की है। ईडी ने बयान जारी करने के दूसरे दिन कवासी लखमा, उनके बेटे तथा तत्कालीन ओएसडी जयंत को बयान दर्ज कराने ईडी ऑफिस आने समंस जारी किया था। तीनों को आज पेश होना था। तय समयानुसार साढ़े दस बजे के करीब जयंत देवांगन ईडी कार्यालय पहुंचे। इसके बाद 11 बजे कवासी लखमा तथा सवा 11 बजे हरीश ईडी कार्यालय आए। ईडी दफ्तर दाखिल होने के पूर्व हरीश तथा कवासी लखमा ने हाथ हिलाकर अभिवादन किया। कवासी लखमा, उनके बेटे तथा जयंत ▶▶ शेष पेज 2 पर





### मांगी परिजनों की संपत्ति की जानकारी

आठ घंटे की पूछताछ के बाद कवासी लखमा शाम साढ़े सात बजे ईडी कार्यालय से बाहर निकले। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि ईडी ने उनके कुछ और परिजनों की संपत्ति की जानकारी मांगी है। इसके लिए उन्होंने ईडी से समय देने की मांग की है। पूर्व आबकारी मंत्री से ईडी के अफसर पूछताछ कर रहे थे, इस दौरान कवासी लखमा ने अफसरों से सवाल पूछा कि शराब घोटाला मामले में अधिकारियों के खिलाफ उन लोगों ने कार्रवाई तो की है, लेकिन नकली शराब बनाकर बेचने वाली शराब कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई तथा जांच क्यों नहीं की गई।

### पीएसओ को छोड़ एक भी समर्थक नहीं

कवासी लखमा के बयान देने ईडी कार्यालय पहुंचने पर उनके समर्थकों के ईडी कार्यालय पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही थी। कवासी लखमा ईडी कार्यालय बयान दर्ज कराने पहुंचे, उस ▶▶ शेष पेज 2 पर

### कवासी बोले-घर में नहीं मिली फूटी कौड़ी

ईडी ऑफिस जाने से पहले कवासी लखमा ने कहा कि मैं निर्दोष तथा गरीब आदमी हूं, चार दिन चले विधानसभा सत्र में बस्तर के आदिवासियों की आवाज उठाने पर सरकार उसे जानबूझकर फंसा रही है। इस दौरान कवासी लखमा ने रामायण का उदाहरण देते हुए कहा कि जो भी उसे परेशान करेगा, ऊपर वाला उसे नहीं छोड़ेगा। कवासी लखमा के अनुसार उनकी गाड़ी से जो कागजात मिले हैं, वो विधानसभा से संबंधित थे। श्री लखमा के अनुसार छापे की कार्रवाई में ईडी को उनके घर से एक फूटी कौड़ी नहीं मिली। कवासी ने अपने राजनीतिक कैरियर के बारे में बताते हुए कहा कि वह अपने क्षेत्र में वर्ष 1998 से चुनाव जीतते आ रहे हैं। भाजपा एक बार भी चुनाव नहीं जीती। इस वजह ▶▶ शेष पेज 2 पर

---

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मोदी ने बाइडन को 20 हजार डॉलर का हीरा किया भेंट



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके परिवार को 2023 में विदेशी नेताओं से लाखों डॉलर के तोहफे मिले, जिनमें सबसे कीमती तोहफा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिल बाइडन को दिया 20 हजार अमेरिकी डॉलर का हीरा है। मोदी द्वारा भेंट किया गया हीरा 'व्हाइट हाउस' के ईस्ट विंग में रखा गया है।

### दोहरा हत्याकांड, पूर्व विधायक सहित 10 को कारावास



**कोच्चि।** सीबीआई की अदालत ने केरल में कासरगोड जिले के पेरिया में पांच साल पहले युवा कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं की हत्या किए जाने के मामले में शुक्रवार को 10 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। माकपा के एक पूर्व विधायक सहित चार अन्य को पांच साल कारावास की सजा सुनाई गयी। अदालत ने पिछले शनिवार को 14 आरोपियों को दोषी ठहराया था।

## दो ने किया आत्मदाह का प्रयास प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, वाटर कैनन चले, मोबाइल 'बंद'





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार/भोपाल

यूनियन कार्बाइड फैक्टरी के कचरे को जलाने के मुद्दे पर पीथमपुर में लोगों ने जबरदस्त बवाल काटा। ये कचरा पीथमपुर में नष्ट किया जाना है, लेकिन स्थानीय लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

पीथमपुर में हालत बहुत अधिक बिगड़ चुके हैं। दो लोगों ने आत्मदाह का प्रयास किया है। दोनों को गंभीर हालत में चोइथराम अस्पताल में भर्ती किया गया। दोनों के नाम राजकुमार रघुवंशी और राजू पटले हैं। पुलिस ने विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज कर दिया है। वहीं, वाटर कैनन का इस्तेमाल कर उन्हें खदेड़ा है। हर गली मोहल्ले सड़क पर लोगों की भीड़ उतर आई। मामले को लेकर पीथमपुर में सैलाना के विधायक कमलेश्वर डोडियार 24 घंटे के लिए अनशन पर बैठ गए हैं।

### पीथमपुर रहा 'पूरा बंद' इन संस्थाओं का प्रदर्शन

पीथमपुर में मुख्य धरना प्रदर्शन महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर किया जा रहा है। जिसमें पीथमपुर बचाओ समिति, पीथमपुर रक्षा मंच, कांग्रेस, भाजपा, राठौर समाज, क्षत्रिय समाज, सेन समाज, आदिवासी समाज, ऑल ट्रेड यूनियन समेत अन्य संगठन शामिल हैं। शुक्रवार को पीथमपुर बंद भी कराया गया है। इसके अलावा सांवरिया मंदिर, अकोलिया चौराहा, बरदरी चौराहा, छत्रछाया गेट, आजाद चौराहा, गुडलक चौराहा, एबी रोड पर मनाल होटल के सामने स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया।

### कुछ लोग अपने फायदे के लिए मामले को तूल दे रहे



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के पीथमपुर में हो रहे आंदोलन पर कहा कि कुछ लोग अपने फायदे के लिए मामले को जबरन तूल दे रहे हैं। यूनियन कार्बाइड के कचरे का निबटान सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के आदेश व गाइडलाइन के आधार पर हो रहा है। उन्होंने प्रदर्शन करने वालों से अपील कर कहा कि वे सरकार पर भरोसा रखें। किसी भी व्यक्ति के साथ गलत नहीं होगा। आप सभी से अपील करना चाहता हूं कि किसी भी व्यक्ति को जान का खतरा होगा, ऐसा कार्य वे कभी नहीं करेंगे। कोई भी व्यक्ति गलत कदम नहीं उठाए। उन्होंने कहा कि अज्ञानता की वजह से लोग झूठी बातें फैला रहे हैं। यूनियन कार्बाइड की त्रासदी से सभी वाकिफ होंगे।

---

एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर की कार्रवाई

## हथकरघा विभाग का वरिष्ठ निरीक्षक 50 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चाम्पा

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हथकरघा विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। बुनकर समिति से कार्य निष्पादन जांच रिपोर्ट भेजने के नाम पर उसने 1 लाख 75 हजार की रिश्वत मांगी थी। जाल बिछाकर एसीबी की टीम ने उसे 50 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ा।



दरअसल महामाया बुनकर सहकारी समिति मिस्दा, लक्ष्मी कोसा बुनकर सहकारी समिति खोखरा, बजरंग बुनकर सहकारी समिति खोखरा का कार्य निष्पादन पिछले कुछ समय में बंद था। इन समितियों को बहाल करने के लिए संबंधित बुनकर सहकारी समिति के पदाधिकारियों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विपणन एवं सहकारी संघ रायपुर को आवेदन दिया गया था, जिस पर रायपुर से तीनों समिति के स्टॉक की जांच कर रिपोर्ट शीघ्र भेजने का निर्देश सहायक संचालक हथकरघा जांजगीर चांपा को दिया गया था। जांच रिपोर्ट ▶▶ शेष पेज 2 पर

---

हिमाचल में पारा माइनस 14 पहुंचा

## कोहरे का कहर : 202 फ्लाइट्स लेट, कई ट्रेनें लेट, श्रीनगर-अमृतसर एयरपोर्ट बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर भारत में सर्दी के कारण कोहरे का कहर जारी है। भीषण शीतलहर और घने कोहरे ने जीवन को प्रभावित कर दिया है। दृश्यता में भारी गिरावट के कारण हवाई और रेल सेवाएं बाधित हो गई हैं। वहीं धुंध के कारण श्रीनगर और अमृतसर एयरपोर्ट को बंद किया गया। घाटी में हो रही बर्फबारी के कारण दिल्ली समेत कई प्रमुख शहरों में जनजीवन अस्त-व्यस्त है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अकेले दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर शुक्रवार को घने कोहरे की वजह से 202 फ्लाइट्स लेट हुईं। कई एयरपोर्ट से उड़ान देर से हुईं। घने कोहरे के कारण रेल सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।



### स्पाइसजेट-इंडिगो की फ्लाइट प्रभावित

स्पाइसजेट ने कहा कि खराब मौसम के कारण शनिवार को भी अमृतसर और गुवाहाटी आने और जाने वाली सभी उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। वहीं, इंडिगो ने दिल्ली, अमृतसर, लखनऊ, बेंगलुरु और गुवाहाटी रूट पर ट्रैवल करने वाले पैसेंजर्स के लिए एडवाइजरी जारी की है। दोनों कंपनियों कहा कि पैसेंजर्स अपनी फ्लाइट से पहले टेक ऑफ का अनुमानित टाइम जरूर देख ले। एयरलाइंस ने कहा कि धुंध नहीं छटी तो फ्लाइट्स रद्द भी हो सकती हैं।

### दो एयरपोर्ट से नहीं हुईं उड़ान

*देश के 14 राज्यों में घने कोहरे का असर है। पंजाब के अमृतसर में जीरो विजिबिलिटी के कारण एयरपोर्ट बंद कर दिया गया। यहां फ्लाइट्स के ऑपरेशन रोक दिए गए हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में भी विजिबिलिटी और बर्फबारी की वजह से फ्लाइट्स ऑपरेशन बंद कर दिया गया है।*

---

झांसी-ग्वालियार के यात्रियों को मिलेंगे पीले रंग के टिकट, अन्य सुविधाओं के लिए भी कई ऐप

## रेल कर्मियों की जैकेट के क्यूआर कोड से बन जाएंगे रेल टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रयागराज में कुंभ मेला को लेकर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी के तहत कुंभ मेला के दौरान तैनात रेल कर्मियों की जैकेट पर पीछे क्यूआर कोड प्रिंट रहेगा। इसे स्कैन करते ही यूटीएस मोबाइल एप डाउनलोड हो जाएगा, जिसके माध्यम से यात्री अपना टिकट बना सकेंगे। महाकुंभ के दौरान रेलवे के वाणिज्य विभाग के कर्मचारी प्रयागराज जंक्शन पर विशेष ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। प्रयागराज में कुंभ में श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना न करना पड़े।

इसके लिए रेल प्रशासन की ओर से आवश्यक सभी इंतजाम किए जा रहे हैं। इसी के तहत रेलकर्मियों के जैकेट के जरिये क्यूआर कोड स्कैन करने की सुविधा दी जा रही है।

### जगह-जगह रहेंगे तैनात, नहीं लगानी पड़ेगी लाइन

#### ग्वालियर- झांसी के यात्रियों को पीले रंग के टिकट

महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए रेल प्रशासन की ओर से विशेष रंगीन टिकट प्रणाली की शुरुआत की है। इसके तहत, प्रयागराज जंक्शन, नैनी जंक्शन और छिवकी स्टेशन से अलग-अलग रूट के यात्रियों को अलग-अलग रंग के टिकट जारी किए जाएंगे। मानिकपुर, सतना और ग्वालियर, झांसी की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए पीले रंग के टिकट दिए जाएंगे।



**ऐसे काम करेगा क्यूआर कोडः** इस बारे में बताते हुए प्रयागराज रेल मंडल के सीनियर पीआरओ अमित मालवीय ने कहा, "महाकुंभ के दौरान, रेलवे के वाणिज्य विभाग के कर्मचारी प्रयागराज जंक्शन पर हरे रंग की जैकेट पहनकर विशेष ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। इन जैकेट्स के पीछे क्यूआर कोड लगा होगा, जिसे श्रद्धालु अपने मोबाइल से स्कैन कर सीधे यूटीएस मोबाइल ऐप डाउनलोड कर सकते हैं।

#### ऐसे काम करेगा क्यूआर कोड कर्मचारी पहनेंगे हरी जैकेट

कर्मचारी हरे रंग की जैकेट पहने रहेंगे। उनकी जैकेट के पीछे एक क्यूआर कोड़ अंकित रहेगा, जिसे स्कैन करने पर क्यूआर करने पर एक लिंक मिलेगा, जो सभी यूटीएस (अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम) ऐप पर ले जाएगा। इसके माध्यम से यात्री टिकट बुकिंग के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का भी लाभ उठा सकेंगे। इस ऐप के जरिये यात्री बगैर कतार में लगे अपने अनारक्षित टिकट बुक कर सकेंगे। इससे उनकी समय की बचत भी होगी। क्यूआर कोड से यात्री टिकट बुकिंग के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का भी लाभ उठा सकेंगे।

## चिंतन

# चीन के साथ सख्ती से पेश आए भारत

चीन के साथ भारत को हमेशा सख्ती से ही पेश आना होगा। चीन ने होटन प्रांत में दो नई काउंटी की घोषणा की है, जिस पर भारत ने कड़ा ऐतराज जताया है। काउंटी के कुछ हिस्से केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के दायरे में आते हैं, इसलिए भारत ने चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। भारत ने दो टूक कहा है कि नए काउंटी बनाने से न तो क्षेत्र पर भारत की संप्रभुता के संबंध में दीर्घकालिक और सतत स्थिति पर कोई असर पड़ेगा और न ही इससे चीन के 'अवैध और जबरन कब्जे' को वैधता मिलेगी। भारत ने राजनयिक माध्यमों से चीनी पक्ष को अपने ऐतराज से अवगत करा दिया है। हाल ही में रूस में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान अलग से भारत व चीन के बीच हुई बातचीत में गलवान की घटना की पूर्व स्थिति (2020 से पहले की स्थिति) के अनुरूप सैन्य गश्त पर सहमति बनी थी। इससे माना जा रहा था कि भारत व चीन के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघल सकती है। वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख के गलवान में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें भारत के 20 सैनिक शहीद हुए थे। 40 से अधिक चीनी सैनिक मारे गए थे। भारत-चीन के बीच 1975 के बाद 2020 में पहली बार इस पैमाने पर हिंसक झड़प हुई थी। उसके बाद से दोनों देशों में तनाव बढ़ गया था। दो वर्ष बाद 9 दिसंबर 2022 को अरुणाचल प्रदेश के तवांग में दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। गलवान गश्त की सहमति के बाद चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर तिब्बत क्षेत्र में एकतरफा विशाल बांध निर्माण का ऐलान कर दिया, जो वैश्विक जल नियमों के अनुरूप नहीं है। दरअसल, चीन कभी भी भारत के लिए भरोसेमंद नहीं रहा। 14 देशों के साथ चीन सीमा साझा करता है, इनमें से हर के साथ चीन का सीमा विवाद है। सीमा विवाद के जरिये चीन अपनी विस्तारवादी नीति को अमलीजामा पहनाता रहा है। स्वतंत्र मुल्क के छह से अधिक हिस्से सीमा पर विवाद के बहाने चीन ने अवैध रूप से कब्जाए हैं। भारत के साथ सीमा पर लंबे समय से विवाद है। तिब्बत पर चीन के अवैध कब्जे ने भारत के साथ एलएसी (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) सीमा निर्धारण को और पेचीदा बना दिया है। पंचशील के सिद्धांत पर समझौते के बावजूद चीन ने 1962 में भारत पर हमला कर अनाक्रमण सिद्धांत के विश्वास को तोड़ कर छूरा घोंपा। इस हमले में चीन ने भारत के हिस्से अक्साई चिन पर अवैध कब्जा कर लिया। भारत हमेशा से अक्साई चिन की वापसी की मांग करता रहा है। भारत चीन के साथ 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। ये सीमा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुज़रती है। दोनों देशों के बीच अब तक पूरी तरह से सीमांकन नहीं हुआ है। चीन तिब्बत और अरुणाचल प्रदेश के बीच की 1914 में तय मैकमोहन रेखा को नहीं मानता है, इसलिए अरुणाचल पर दावा करता है, जो भारत की संप्रभुता का उल्लंघन है। 1914 में स्वतंत्र तिब्बत पर वर्ष 1950 में चीन ने कब्जा किया है। इसलिए भारत को तिब्बत को ही चीनी क्षेत्र नहीं मानना चाहिए, मान्यता देना भारत का ब्लंडर है। अतीत में चीन भारत के खिलाफ 134 किलोमीटर लंबी पैंगोंग त्सो झील, गलवान घाटी, तवांग, डोकलाम, नाथूला आदि क्षेत्र में विवाद कर चुका है। यूं तो भारत व चीन ने सीमा प्रबंधन समितियां बनाई हुई हैं, पर चीन की मंशा कभी सामा विवाद सुलझाने की रहती ही नहीं है। इसलिए सीमा पर चीन के हर 'कृत्य' कदम को पहले ही रोकना जरूरी है। सीमा विवाद सुलझने तक चीन को ढील नहीं दी जानी चाहिए।

## खेल रत्न पुरस्कार

योगेश कुमार गोयल



# बेमिसाल हैं खेल रत्न विजेताओं की उपलब्धियां

वर्ष 2024 के लिए खेल मंत्रालय द्वारा 'राष्ट्रीय खेल पुरस्कार' की घोषणा कर दी गई है। इस वर्ष 4 खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा जबकि 32 को 2024 में खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। एथलीट सुचा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन अवार्ड लाइफटाइम पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा बेहतर कोचिंग देने के लिए बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन, फुटबॉल कोच अरमांडो एगनेलो कोलाको सहित कुल पांच लोगों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिलेगा। 17 जनवरी को सभी विजेताओं को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में सम्मानित करेंगी। इस बार के खेल पुरस्कार उस समय काफी चर्चा में आए थे, जब निशानेबाज मनु भाकर के पिता द्वारा मनु का चयन खेल रत्न पुरस्कार के लिए नहीं होने की बात कहे जाने के बाद बवाल मचा था। हालांकि उस समय तक खेल पुरस्कार के लिए समिति द्वारा नामों को अंतिम रूप ही नहीं दिया गया था। खेल मंत्रालय द्वारा जिन 4 खिलाड़ियों को 'मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार' दिया गया है, उनमें पेरिस ओलंपिक में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की महिला निशानेबाज मनु भाकर, विश्व शतरंज चैंपियनशिप के विजेता भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपियन प्रवीण कुमार शामिल हैं। यह भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च खेल पुरस्कार है। भारत के लिए ओलंपिक इतिहास में पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने वर्ष 2001 में 18 वर्ष की आयु में यह पुरस्कार अपने नाम किया था और वह खेल रत्न पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अब शतरंज चैंपियन डी गुकेश ने यह रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने उम्र के मामले में कुछ दिनों के अंतर से अभिनव बिंद्रा को पीछे छोड़ दिया है। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियों पर नजर डालें तो मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में ऐसा कमाल कर दिखाया था, जो ओलंपिक के इतिहास में भारत का कोई भी खिलाड़ी नहीं कर पाया था। 'मिरेकल गर्ल' मनु ने एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतकर इतिहास रच दिया था। उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव गोविंदगढ़ में जन्मे ऊंची कूद के पैरा खिलाड़ी 21 वर्षीय प्रवीण कुमार ने 6 सितंबर को पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश का सीना गर्व से चौड़ा किया था। 2023 की विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रवीण का वह व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था। उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की थी। प्रवीण 2019 में स्विट्जरलैंड के नॉटविल में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक, 2021 में दुबई में विश्व पैरा एथलेटिक्स में एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक, 2022 के एशियाई पैरा खेलों में 2.05 मीटर की छलांग के साथ एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक, 2023 में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीत चुके हैं।29 मई 2006 को चेन्नई में जन्मे शतरंज इतिहास के सबसे युवा विश्व चैंपियन डी गुकेश सबसे कम उम्र में खेल रत्न पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। वह शतरंज के इतिहास में विश्व चैंपियन का खिताब जीतने वाले भी सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर बने थे। गुकेश से पहले विश्वनाथन आंनद ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीता था, इस तरह वह विश्व शतरंज चैंपियनशिप खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय ग्रैंडमास्टर बने और शतरंज के इतिहास में सबसे युवा विश्व चैंम्पियन भी बने। डी गुकेश ने शतरंज विश्व कप के फाइनल में सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताबी जीत हासिल की थी। अपने जानदार फ्लिक और शानदार डिफेंस के लिए विख्यात पेनल्टी कॉर्नर स्पेशलिस्ट हरमनप्रीत सिंह को ओलंपिक में भारत को पदक दिलाने के लिए खेल रत्न पुरस्कार दिया गया है। हालांकि भारत हॉकी में लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीतने में सफल हुआ लेकिन पेरिस ओलंपिक में ऑस्ट्रेलियाई टीम को 52 साल बाद हराने में सफल हुआ। भारत ने आखिरी बार ऑस्ट्रेलियाई टीम को 1972 में हराकर पदक जीता था और इतने लंबे अंतराल के बाद हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत पेरिस ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को हराने में सफल हुआ। भारत ने इससे पहले टोक्यो ओलंपिक में 41 वर्षों बाद जर्मनी को हराकर हॉकी में कांस्य पदक जीता था और 2024 के ओलंपिक में भी इस कारनामे को दोहराने में सफल हुआ, जिसके हीरो हरमनप्रीत सिंह ही थे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

अवधेश कुमार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत द्वारा मंदिर–मस्जिद उभरते विवादों पर दिए वक्तव्य को लेकर अनेक धर्माचार्यों और हिंदू संगठनों के नेताओं की विरोधी प्रतिक्रियाएंआ रहीं हैं। हम संघ के विचारों या कुछ कार्यों से सहमत असहमत हो सकते हैं लेकिन निष्पक्ष होकर विश्लेषण और विचार करने वाले मानते हैं कि शीर्ष स्तर से दिया गया हर वक्तव्य और भाषण काफी सोच –समझकर ही सामने आता है। वैसे भी सरसंघचालक का वक्तव्य संगठन परिवार के लिए अंतिम शब्द माना जाता है। स्वाभाविक ही जब ऐसा बोल रहे थे तो देश में बने वातावरण और आम हिंदू समाज की उस पर हो रही प्रतिक्रियाएं सब उनके सामने थी और हैं।

# भागवत के वक्तव्य का विरोध क्यों

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत द्वारा वर्तमान मंदिर- मस्जिद उभरते विवादों पर दिए वक्तव्य को लेकर अनेक धर्माचार्यों और हिंदू संगठनों के नेताओं की विरोधी प्रतिक्रियाएं लगातार आ रहीं हैं। इस संदर्भ में सबसे कड़ा बयान जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी का आया। उन्होंने कहा कि मैं भागवत के बयान से पूरी तरह असहमत हूं। मैं यह स्पष्ट कर दूं कि भागवत हमारे अनुशासक नहीं है, बल्कि हम हैं। रामभद्राचार्य जी ने कहा कि संभल में अभी जो कुछ हो रहा है वह बहुत बुरा है। हालांकि सकारात्मक पहलू यह है कि चीज हिंदुओं के पक्ष में सामने आ रही है। हम न्यायालय में मतदान और जनता के समर्थन से इसे सुरक्षित करेंगे। वैसे अनेक संगठनों, बुद्धिजीवियों, नेताओं आदि ने डॉक्टर भागवत के बयान का समर्थन भी किया है। विडंबना यह है कि पहले जब सरसंघचालक ने ऐसे वक्तव्य दिए तब उसे झूठ, पाखंड और आंखों में धूल झोंकने वाला तक कहा गया। इसलिए विरोधियों की प्रतिक्रियाएं इन संदर्भों में न नैतिक है, न विश्वसनीय और न इनका कोई अर्थ है। हमें पूरे विषय को सही संदर्भों में देखना और निष्कर्ष निकालना होगा।

पिछले वर्षों में यह पहली बार नहीं है जब भागवत के वक्तव्य पर विरोधी तीखी प्रतिक्रियाएं हिंदू संगठनों, नेताओं और कुछ धर्माचार्यों की ओर से आई हैं। 2 जून, 2022 को नागपुर में जब उन्होंने कहा था कि अयोध्या, काशी और मथुरा की मान्यता रही है लेकिन हर मस्जिद में मंदिर क्यों तलाशें तब भी इसी तरह की प्रतिक्रियाएं थी और उसके पूर्व धर्म संसदों में दिए गए आक्रामक वक्तव्यों के संदर्भ में भी उनके विचारों का कुछ पक्षों ने विरोध किया था। ऐसा नहीं है कि संघ प्रमुख या संघ के शीर्ष नेतृत्व को इसका आभास पहले से नहीं होगा। बावजूद उन्होंने ऐसा वक्तव्य दिया और पहले भी देते रहे हैं तो निश्चित रूप से इसके पीछे गहरी सोच, अतीत और वर्तमान का विश्लेषण तथा भविष्य की दृष्टि होगी। हम संघ के विचारों या कुछ कार्यों से सहमत असहमत हो सकते हैं लेकिन निष्पक्ष होकर विश्लेषण और विचार करने वाले मानते हैं कि शीर्ष स्तर से दिया गया हर वक्तव्य और भाषण काफी सोच -समझकर ही सामने आता है। वैसे भी सरसंघचालक का वक्तव्य संगठन परिवार के लिए अंतिम शब्द माना जाता है। स्वाभाविक ही जब ऐसा बोल रहे थे तो देश में बने वातावरण और आम हिंदू समाज की उस पर हो रही प्रतिक्रियाएं सब उनके सामने थी और हैं। तो फिर ऐसा उन्होंने क्यों कहा होगा? पहले उनके भाषण की उन पंक्तियों को देखें। 19 दिसंबर को पुणे के सहजीवन व्याख्यानमाला में 'इंडिया द विश्व गुरु' विषय पर उनका भाषण था और उन्होंने मराठी में बोला। डॉक्टर भागवत ने कहा 'हम लंबे समय से सद्भावना से रह रहे हैं। अगर देश में सौहार्द्र चाहिए तो इसकी मिसाल हमारे देश में होनी चाहिए, हमारे देश में आस्था का सम्मान होना चाहिए । हिंदुओं का मानना है कि राम मंदिर बनना चाहिए, क्योंकि यह आस्था का स्थान है। लेकिन ऐसा करने से आप हिंदुओं के नेता बन जाएंगे ऐसा नहीं है या किसी हिंसक अतीत के फलस्वरूप अत्यधिक नफरत, द्वेष ,शत्रुता, संशय से हर दिन एक नया मामला उठाना यह कैसे काम कर सकता है।' स्वाभाविक है कि संभल से लेकर बदायूं ,दिल्ली का



जामा मस्जिद, कानपुर ,वाराणसी आदि में नए मंदिरों का मिलना, पहले से चल रहे वाराणसी के ज्ञानवापी और मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यायिक विवादों के बीच बने हुए वातावरण में सहसा इन पंक्तियों को पचा पाना आसान नहीं हो सकता। विचार करने वाली बात यह है कि क्या संघ जैसा संगठन, जिसने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए अपनी पूरी शक्ति लगाई तथा मथुरा और काशी को लेकर भी उसके मत उन दिनों से स्पष्ट रहे हैं जब दूसरे संगठनों का प्रभाव नहीं था, या वे थे नहीं तो वह ऐसा कैसे बोल सकते हैं?

मुस्लिम काल में इन मंदिरों को ध्वस्त किया गया और उनमें निहित प्रतिमाओं को अपमानित करने के लिए अनेक उपक्रम हुए। स्वतंत्रता के बाद भी अपने ही मूल शहर से हिंदुओं को दूसरी जगह पलायन करना पड़ा। उनके मंदिरों में पूजा पाठ करना, लोगों का जाना कठिन हुआ, बंद हुए और कई जगहों पर बेदर्दी से स्थलों को कब्जा करने के उपक्रम भी हुए। स्थानीय स्तरों पर इनमें से ज्यादातर स्थानों को प्राप्त करने की भावनायें या उन मुद्दों को उठाने और कहीं-कहीं संघर्ष करने का भी लंबा अतीत है। इसमें अगर व्यक्तिगत रूप से किसी हिंदू समूह या पूरे समाज को लगता है कि हमें वह स्थल वापस मिलने चाहिए और जहां प्रतिमाओं का अपमान हुआ उनका निराकरण भी हो और इसके लिए वे सामने आते हैं, न्यायालय में जाते हैं तो यह स्वाभाविक है। भागवत जिस विषय पर बोल रहे थे वह भारत के विश्व गुरु बनने पर था। इसमें वह प्राचीन भारत से लेकर मुस्लिम काल, अंग्रेजों की गुलामी आदि के प्रभाव, वर्तमान में भारत किस तरह विश्व दृष्टि से कम कर रहा है आदि सभी बातें शामिल हैं जिनकी लोग अपेक्षा रखते हैं। फिर भविष्य की दृष्टि है और उसी में लगभग अंत में केवल एक कुछ पंक्तियां हैं। किसी देश को पूरा संसार अपना आदर्श तभी मानेगा और उसका अनुसरण भी करेगा जब वह देश अपने अंदर विवादों को सही तरीके से सुलझाने, सभी पंथों, मजहबों के बीच के तनावों को तरीके से समाप्त करने और सहजीवन के साथ रहते हुए आदर्श देश की मिसाल रखेगा। यानी उठाए जा रहे मुद्दों के अन्य पहलुओं पर गहराई से नहीं विचार होगा तो समस्यायें सुलझने के बजाय उलझेंगी और फिर इनका समाधान भी संभव नहीं होगा। कोई भी विवेकशील व्यक्ति कह नहीं सकता कि जो अतीत में अन्याय, अत्याचार, ध्वंस और कब्जे हुए वो वैसे ही रहे और लोगों की भावनाएं दमित हों। इनसे भविष्य में हिंसा व तनाव बढ़ाने की संभावनाएं ज्यादा होती हैं। समस्या यह है कि संपूर्ण देश में ऐसे हजारों स्थान हैं। कल्पना करिए धीरे-धीरे पूरे देश में ऐसे विषय उठ जाएं और स्थिति संभल जैसी पैदा हों तो क्या होगा? क्या देश की इन विवादों के अंतिम समाधान की अभी तक तैयारी है? क्या हिंदू समाज इनके विरुद्ध होने वाली अनेक तरह की विपरीत प्रतिक्रियाओं का सफलतापूर्वक सामना करने की अवस्था में पहुंच गया है? क्या जो लोग इन विषयों को न्यायालय में ले जा रहे हैं उनकी ऐसी क्षमता है कि वो इनका सामना भी कर सकें? क्या उन सब की विश्वसनीयता भी है? क्या धर्माचार्य और अन्य हिंदू संगठनों ने उन स्थितियों के लिए अपनी तैयारी कर रखी है? संभल में ही समस्या पैदा होने पर कितने समाधान या संघर्ष के लिए आगे आए, इन पर अवश्य दृष्टि रखिए। सारे प्रश्नों का उत्तर भारत के व्यापक राष्ट्रीय वैश्विक लक्ष्यों का ध्यान रखते हुए शांतिपूर्वक तलाश से जाने की आवश्यकता है। गहराई से देखें तो भागवत का वक्तव्य भविष्य दृष्टि से सभी के लिए सुझाव और सलाह की तरह है। संघ या कोई संगठन धर्माचार्यों का अनुशासक या उनका मार्गदर्शक न हो सकता है और न उनके अंदर ऐसा भाव होगा। लेकिन सभी को समस्याओं के स्थायी समाधान,भारत के वर्तमान और भविष्य की दूरगामी दृष्टि से विचार कर आगे बढ़ना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है



संकलित

## दर्शन

व्यक्ति को कर्मशील रहना चाहिए, मगर सहज संतुलन भी आवश्यक है। आज की युवा पीढ़ी अधिक व्यस्त है। उसकी इतनी व्यस्तता चिंता का कारण है। व्यस्तता का बड़ा कारण तकनीक का अधिक प्रयोग भी है। युवा चिंतन में लगे रहते हैं। कम समय में अधिक से अधिक काम करना चाहते हैं। समुद्र मंथन का कार्य तो भलाई के लिए हो रहा था और रत्न निकल भी रहे थे, परंतु न तो देवताओं को संतोष था और ना ही असुरों को। अधिक से अधिक रत्न निकालने की चाह में मंथन होता गया और एक समय ऐसा आया, जब विष निकलने लगा, जिसे पीने को कोई तैयार नहीं था। सब त्राहि-त्राहि करते हुए भगवान शिव के पास पहुंचे। भगवान शिव ने विष को पिया और श्रीराम का नाम लिया। युवा नई तकनीक का प्रयोग करें, खोज करें, लेकिन आवश्यकता से अधिक चिंतन न करें। लगातार नई तकनीक में डूबे रहने की आदत का प्रभाव नकारात्मक होता है। आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है। आज के समय में विष क्या है? काम, क्रोध, लोभ और मोह तो फिर भी कुछ न कुछ अंश में सांसारिक जीवन के भाग हैं। प्रत्येक व्यक्ति में इसका कुछ भाव होना स्वाभाविक है, लेकिन ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का जीवन में कोई काम नहीं है। ये ही समुद्र मंथन से निकले हलाहल (विष) के समान हैं। अब धर्म क्षेत्र में भी ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का असर है जो उचित नहीं है। अगर हमें शिव की भक्ति करनी है तो इस विष का पान भी करना होगा। भगवान शिव भक्ति भी देते हैं और मुक्ति (मोक्ष) भी।

# पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित

## प्रेरणा

शिव जी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिव जी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिव जी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिव जी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिव जी के पास लौट आईं। इसके बाद शिव जी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिव जी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिव जी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिव जी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पुरस्कार से खिलाड़ियों का निखरेगा खेल

खेल मंत्रालय ने विदेश की धरती पर भारत का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को खेल पुरस्कार से नवाजे जाने की घोषणा की है। इसमें ओलम्पिक मेडलिस्ट शूटर मनु भाकर,वर्ल्ड चेस चैंपियन डी गुकेश, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्लेयर प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद अवॉर्ड्स दिए जाने की घोषणा खेल मंत्रालय ने की। इसके साथ ही 5 कोच को द्रोणाचार्य और 30 प्लेयर्स को अर्जुन अवार्ड्स देने की घोषणा हुई है। खेल जगत में विगत कुछ वर्षों से भारत के खिलाड़ियों का प्रदर्शन निखरा है। सितारों को अवार्ड्स देकर सरकार उनके हौसले बुलंद रख सकती है। सम्मान की प्रक्रिया नवीन खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक रहेगी।

- कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

### इतिहास से मुक्ति पाएं



देश में एक दौर था, जब दिल्ली के दरीबा से बल्लीमारान और लुटियंस से जिमखाना तक इतिहास को सीमित करके देखा गया। शासकों को खुश करने के लिए लिखे गए इतिहास से मुक्ति पाने का समय आ गया है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### चुनौतीपूर्ण प्रबंधन



1977 में मैं अपनी थीसिस फिल्म के फुटेज की शूटिंग के लिए उस वर्ष महाकुंभ में गया था। मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ, फिर भी, प्रशासन ने इतनी अविश्वसनीय साजो-सामान संबंधी चुनौती का प्रबंधन कैसे किया। आज, उपस्थित होने की अपेक्षित संख्या दिमाग को चकरा देती है।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

### गलत संकेत



एक कैप्टन को कभी भी बीच में नहीं छोड़ना चाहिए और न ही बाहर निकलने का विकल्प देना चाहिए...यह गलत संकेत भेजता है...। मार्क टेलर, अजहरुद्दीन आदि जैसे कप्तानों को खराब फॉर्म के बावजूद एक साल तक कप्तान बने रहते देखा है।

-नवजोत सिंह सिद्धू, पूर्व क्रिकेटर

### क्षमता उजागर करें



यह वर्ष आपकी भावनात्मक प्रामाणिकता को अपनाने और एक कलाकार के रूप में आपकी पूरी क्षमता को उजागर करने का है। यहाँ कलात्मक सफलताएँ हैं!!

-पूजा बत्रा, अभिनेत्री

## करंट अफेयर


# 14 चोटियां फतह करने वाला नेपाली शेरपा सम्मानित



जाने–माने नेपाली पर्वतारोही मिंगमा जी. शेरपा को शुक्रवार को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अतिरिक्त ऑक्सीजन का उपयोग किए बिना 8,000 मीटर से अधिक ऊंची सभी 14 चोटियों पर चढ़ने वाला पहला नेपाली पर्वतारोही बनकर इतिहास रचा था। मिंगमा (38) अक्टूबर में तिब्बत में शीशा पंगमा (8,027 मीटर ऊंची) चोटी पर अपराह्न लगभग चार बज कर छह मिनट पर पहुंचे और अतिरिक्त ऑक्सीजन के उपयोग के बिना 8,000 मीटर की 14 चोटियों पर चढ़ने वाले नेपाल के पहले पर्वतारोही बन गए। पर्यटन, संस्कृति एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री अरुण कुमार चौधरी ने शुक्रवार को काठमांडू में नेपाल पर्वतारोहण संघ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मिंगमा को सम्मानित किया। डोलखा जिले के रोलवालिंग ग्रामीण नगर पालिका में जन्मे मिंगमा ने पहली बार 2007 में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट (8,848.86 मीटर) पर चढ़ाई की और चार अक्टूबर, 2024 को माउंट शीशा पंगमा (8,027 मीटर) पर चढ़कर अपना मिशन पूरा किया। पेशे से 'माउंटेन गाइड' मिंगमा छह बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ चुके हैं। वह नेपाल में पर्वतारोहण एजेंसी 'इमैजिन नेपाल' के मालिक भी हैं।

## ऑफ बीट

# कुछ लोगों के बालों, नाखूनों की वृद्धि तेज क्यों होती है ?



हमारे सिर पर बाल औसतन हर महीने एक सेंटीमीटर बढ़ते हैं, जबकि हमारे नाखून औसतन 3 मिलीमीटर से थोड़े ज़्यादा बढ़ते हैं। इन्हें अनियंत्रित छोड़ने पर हमारे बाल और नाखून प्रभावशाली लंबाई तक बढ़ सकते हैं।यूक्रेनी रपन्ज़ेल कहलाने वाली आलिया नासिरोवा के नाम एक जीवित महिला के सबसे लंबे बालों का विश्व रिकॉर्ड है। उसके बालों की लंबाई 257.33 सेमी है। जब नाखूनों के रिकॉर्ड की बात आती है, तो यह अमेरिका की डायना आर्मस्ट्रांग के नाम है जिनके नाखून 1,306.58 सेमी लंबे हैं। ज़्यादातर लोग नियमित रूप से बाल कटवाते हैं और अपने नाखून काटते हैं। यहां दिलचस्प सवाल यह है कि कुछ लोगों के बाल और नाखून ज़्यादा तेज़ी से क्यों बढ़ते हैं? बताइए, वे किस चीज़ से बने होते हैं? बाल और नाखून ज़्यादातर केराटिन से बने होते हैं। दोनों ही त्वचा के नीचे पाई जाने वाली मैट्रिक्स कोशिकाओं के विभाजन से बढ़ते हैं। नाखून वाली मैट्रिक्स कोशिकाएं, नाखून के आधार पर त्वचा के नीचे होती हैं। ये कोशिकाएँ विभाजित हो कर पुरानी कोशिकाओं को आगे धकेलती हैं। जैसे–जैसे वे बढ़ती हैं, नाखून का विस्तार होता है। नाखून के नीचे का सपाट क्षेत्र समृद्ध रक्त आपूर्ति के कारण गुलाबी दिखता है।

## अपने विचार


**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शनिवार, 4 जनवरी 2025
पौष शुक्ल पक्ष पंचमी
वर्ष: 23, अंक: 169
पृष्ठ: 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**


मौसम
अधि. 30.0
न्यून. 12.9


# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


05 पहले आदमियों को रोके
विचार पेज
भागवत के वक्तव्य का विरोध क्यों


# 10 जनवरी से पहले मंत्रिमंडल का विस्तार, दो को दिलाई जाएगी शपथ, तीसरे की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर


छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार 10 जनवरी से पहले हो सकता है। खबर है कि दो मंत्रियों को शपथ दिलाने की तैयारी चल रही है। हालांकि हरियाणा के फार्मूले पर तीसरे मंत्री के लिए भी सरकार विचार कर रही है। क्षेत्रीय संतुलन साधने के हिसाब से रायपुर, बिलासपुर और बस्तर से मंत्री बनाए जा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में दिसंबर 2023 में मुख्यमंत्री के साथ 12 मंत्रियों ने शपथ ली थी। मंत्री का एक पद खाली रखा गया था। इसी बीच लोकसभा चुनाव के पहले सरकार के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस वजह से सरकार में मुख्यमंत्री के साथ 11 मंत्री हो गए थे। इस तरह वर्तमान में पारंपरिक तौर पर दो मंत्रियों की जगह खाली है। हरिभूमि को उच्च पदस्थ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार इस बात पर भी विचार कर रही है कि यहां भी हरियाणा की तरह 13 मंत्री बनाए जाएं। हरियाणा में भी 90 सदस्यों की विधानसभा है। लेकिन यहां कभी भी 13 मंत्री नहीं बनाए गए। अब अगर सरकार हरियाणा का फार्मूला लागू करती है तो मंत्रियों की संख्या 13 हो जाएगी। लिहजा इस संबंध में सरकार अभी विचार कर रही हैं।

## हरियाणा फार्मूले पर 13 वें मंत्री पर भी विचार, रायपुर, बिलासपुर, बस्तर से हो सकते हैं मंत्री

### राज्य में ये हैं मंत्री पद के बड़े दावेदार

छत्तीसगढ़ में भाजपा के पास कई वरिष्ठ और अनुभवी विधायक और पूर्व मंत्री रह चुके विधायक भी हैं, जिन्हें साय सरकार में भी मंत्री पद का दावेदार माना जा रहा है। इन नामों में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, धरमलाल कौशिक, अजय चंद्राकर के नाम हैं। इसी क्रम में मौजूदा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव का भी नाम दावेदारों में लिया जा रहा है। पहली बार विधायक बनने वालों में महिला विधायक भावना बोहरा, पंडरिया और दुर्ग ग्रामीण के विधायक गजेंद्र यादव का नाम भी मंत्री पद के लिए लिया जा रहा है।




### रायपुर जिले से भी हो सकता है मंत्री

इधर, रायपुर जिले की सात विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। रायपुर से पूर्व में बृजमोहन अग्रवाल मंत्री थे, उनके सांसद बनने के बाद से रायपुर जिले से कोई भी मंत्री नहीं है। क्षेत्रीय संतुलन के हिसाब से देखा जाए तो रायपुर शहर से कम से कम एक मंत्री हो सकता हैं। अगर रायपुर जिले के विधायकों की बात करें तो यहां से हाल ही में विधानसभा उपचुनाव जीतने वाले सुनील सोनी को मंत्री पद के दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। इनके अलावा पहली बार विधायक बने मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा और पूर्व मंत्री राजेश मूणत की दावेदारी है। जानकारों की मानें तो मंत्रिमंडल विस्तार में रायपुर, बिलासपुर, और बस्तर से मंत्री बनाए जाने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### सपा सांसद जियाउर्रहमान की गिरफ्तारी पर रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जामा मस्जिद में सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के मामले में आरोपी सांसद



जियाउर्रहमान बर्क की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। हालांकि, अदालत ने समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद बर्क के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने से इनकार कर दिया।

### रेलवे के 'लेवल-1' पदों के लिए शैक्षणिक मानदंडों में ढील

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड ने 'लेवल-1' (पूर्ववर्ती ग्रुप-डी) पदों पर भर्ती के लिए नियम बदले हैं। नए नियमों के अनुसार, दसवीं



कक्षा उत्तीर्ण, या आईटीआई डिप्लोमा धारक या समकक्ष या राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद द्वारा प्रदान किया गया अप्रेंटिसशिप प्रमाणपत्र धारक लेवल-1 पदों के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। रेलवे भर्ती बोर्ड ने हाल ही में उम्मीदवारों की भर्ती के लिए आवेदन 23 जनवरी से 22 फरवरी तक मंगाए हैं।

### सोरनामाल के जंगल में जवानों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़

# बस्तर से भागने वाले नक्सली मैनपुर को बनाना चाह रहे थे ठिकाना, मुठभेड़ में एक मारा गया, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर में शुक्रवार को फोर्स नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है। वहीं, दो नक्सलियों के घायल होने की जानकारी भी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि बस्तर में फोर्स की लगातार बढ़ती धमक ने नक्सलियों को अपना ठिकाना बदलने को मजबूर कर दिया है। मारे गए नक्सली इस इलाके में अपना ठिकाना बनाना चाहते थे। फोर्स ने मारे गए नक्सली का शव बरामद कर लिया है। गरियाबंद पुलिस कप्तान निखिल राखेचा ने घटना की पुष्टि की है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह गरियाबंद जिला पुलिस बल एसओजी नुआपाडा 65 और 211 वाहनी सीआरपीएफ एवं 207 कोबरा की संयुक्त टीम द्वारा उदंती ऐरिया कमेटी ⏭ शेष पेज 2 पर

### गरियाबंद पुलिस कप्तान निखिल राखेचा ने की घटना की पुष्टि



### 300 से ज्यादा जवान निकले सर्चिंग पर

जानकारी के अनुसार बस्तर के बाद नक्सली गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के घने जंगलों में पनाह लेने पहुंचे थे। इसकी सूचना पर गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के मार्गदर्शन में एसटीएफ, डीआरजी और जिला पुलिसबल के लगभग 300 से ज्यादा जवान सर्चिंग पर निकले थे। ऑपरेशन के बीच सोरनामाल के जंगल में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें एक नक्सली को मारकर ढेर किया गया है और शव बरामद किया जा चुका है। इसके साथ ही पुलिस ऑपरेशन लगातार जारी है, और मौके पर रुक रुककर दोनों तरफ से फायरिंग लगातार जारी है।

### सर्च ऑपरेशन जारी है

सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। फोर्स ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। नक्सलियों के संबंध में गुरूवार को हमें सूचना मिली थी। जिसे देखते हुए अभियान चलाया गया।

- **रणविजय मिश्रा,** कमांडर सीआरपीएफ

### इधर, बस्तर में तैयारी

## सेंट्रल कमेटी के मोस्ट वांटेड टॉप लीडरों के लिए अबूझमाड़ की किलेबंदी, नए सुरक्षा कैंप की मंजूरी




**नारायणपुर।** नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले अबूझमाड़ पर अब फोर्स का फोकस रहेगा। 2025 में सुरक्षा बलों का प्राइम टारगेट अबूझमाड़ माना जा रहा हैं। 13 नए सुरक्षा कैंप की मंजूरी मिलने के बाद नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी के मोस्ट वांटेड टॉप लीडरों की खोज खबर के लिए अबूझमाड़ की किलेबंदी की जा रही हैं। नारायणपुर बीजापुर, सुकमा जिले से लेकर अबूझमाड़ के बॉर्डर तक नक्सलियों की घुसपैठ रोकना प्राइम टारगेट रहेगा। नक्सलियों के कोर इलाके में नए पुलिस थाना खोलने की मिली मंजूरी मिलने पर मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार हैं। अबूझमाड़ को ⏭ शेष पेज 2 पर

# लगातार 15 घंटे पूछताछ ज्यादती ईडी को फटकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अवैध खनन मामले में हरियाणा के पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पवार को हाईकोर्ट से रिहा किए जाने के फैसले को ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ईडी की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि ईडी की ओर से लगातार 15 घंटे तक कांग्रेस नेता से की गई पूछताछ का आचरण पूरी तरह से अमानवीय था। सुप्रीम कोर्ट ने कोर्ट ने अवैध खनन मामले में पूर्व विधायक की गिरफ्तारी को अवैध करार दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह किसी आतंकी गतिविधि नहीं बल्कि अवैध रेत खनन से जुड़ा मामला था। ऐसे मामले में लोगों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए।

- पूर्व कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी अवैध

### यह है मामला

20 जुलाई को सोनीपत के तत्कालीन विधायक व कांग्रेस के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सुरेंद्र पंवार को पूछताछ के बाद ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने गिरफ्तार किया था। करोड़ों रुपये के धनशोधन व अवैध माइनिंग से जुड़े मामले में विधायक को आरोपी बनाया गया था। अंबाला अदालत में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। ईडी ने विधायक पर आरोप लगाए हैं कि उन्होंने गलत तरीके से खनन करवाकर कंपनी के जरिए करोड़ों रुपये कमाए हैं।

### ईडी के वकील ने दिया तर्क

ईडी के वकील कहा कि उच्च न्यायालय ने फैसले में गलती की है कि पंवार से लगातार 14.40 घंटे तक पूछताछ की गई।

### केंद्र ने कानून के लिए तैयार किया ड्राफ्ट

# बच्चों का सोशल मीडिया अकाउंट बनाने पेरेंट्स की सहमति जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन के ड्राफ्ट रूल्स जारी किए हैं, इस कानून के लागू होने के बाद अब 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सोशल मीडिया पर अकाउंट खोलने के लिए अपने पैरेंट्स की सहमति लेना अनिवार्य होगा। यह प्रावधान डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम, 2023 के मसौदा नियमों में शामिल है, जिसे केंद्र सरकार ने शुक्रवार को जारी किया। हालांकि मसौदा नियमों पर 18 फरवरी ⏭ शेष पेज 2 पर

### डेटा संरक्षण बोर्ड की स्थापना

इन नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सरकार एक डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड स्थापित करेगी, जो पूरी तरह से डिजिटल नियामक निकाय के रूप में काम करेगा। यह बोर्ड दूरस्थ सुनवाई करेगा, उल्लंघनों की जांच करेगा, दंड लागू करेगा और सहमति प्रबंधकों को रजिस्टर करेगा. सहमति प्रबंधकों को बोर्ड के साथ पंजीकरण करना होगा।

### तिरंगा यात्रा में हुआ था दंगा

# कासगंज हत्याकांड के सभी 28 दोषियों को उम्रकैद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कासगंज के चंदन गुप्ता हत्याकांड में सभी 28 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुना दी गई है जबकि दो आरोपियों को बरी कर दिया है। चार्जशीट में कुल 30 आरोपियों के नाम थे। लगभग 6 साल 11 महीने 7 दिन के लंबे इंतजार के बाद आज एनआईए कोर्ट की तरफ से सजा का ऐलान हुआ है। बता दें, 26 जनवरी 2018 को यूपी के कासगंज जिले में चंदन गुप्ता की तिरंगा यात्रा के समय हत्या हुई थी। चंदन के परिजनों ने लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी है।

### इनको उम्रकैद

कोर्ट ने आसिफ कुरैशी हिटलर, असलम कुरैशी, असीम कुरैशी, शबाब, साकिब, मुनाजिर रफी, आमिर रफी, सलीम, वसीम, नसीम, बबलू, अकरम, तौफीक, मोहसिन, राहत, सलमान, आसिफ, निशु, वासिफ, इमरान, शमशाद, जफर, शाकिर, खालिद परवेज, फैजान, इमरान, शाकिर, जाहिद जग्गा को दोषी ठहराया है। एक आरोपी अजीजुद्दीन की सुनवाई के बीच मौत हो गई थी। चंदन के पिता सुशील गुप्ता ने 20 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जबकि पुलिस ने आरोपियों के नाम बढ़ाकर 30 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया।

# दोहरा हत्याकांड, पूर्व विधायक सहित 10 को कारावास

एजेंसी ⏭ कोच्चि

सीबीआई की अदालत ने केरल में कासरगोड जिले के पेरिया में पांच साल पहले युवा कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं की हत्या किए जाने के मामले में शुक्रवार को 10 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। माकपा के एक पूर्व विधायक केवी कुम्हरीरामन सहित चार अन्य को पांच साल कारावास की सजा सुनाई गयी। अदालत ने पिछले शनिवार को 14 आरोपियों को दोषी ठहराया था। उसने 10 दोषियों को हत्या और आपराधिक साजिश के दो मामलों में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोनों मामलों में उनकी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

### इन आरोपियों को सुनाई सजा

अदालत ने माकपा की पेरिया स्थानीय समिति के पूर्व सदस्य ए. पीतांबरन, सुरेश, साजी जॉर्ज, अनिल कुमार, जिजिन, श्रीराग, अश्विन, सुधीश, रंजीत और सुरेंद्रन को आजीवन। प्रत्येक दोषी पर दो-दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# मोदी ने बाइडन को 20 हजार डॉलर का हीरा किया भेंट

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन


अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके परिवार को 2023 में विदेशी नेताओं से लाखों डॉलर के तोहफे मिले, जिनमें सबसे कीमती तोहफा नरेन्द्र मोदी का जिल बाइडन को दिया 20 हजार अमेरिकी डॉलर का हीरा है। मोदी द्वारा भेंट किया गया हीरा 'व्हाइट हाउस' के ईस्ट विंग में



रखा गया है। मोदी की ओर से दिया गया 7.5 कैरेट का हीरा 2023 में राष्ट्रपति के परिवार को सबसे महंगा उपहार है।

### व्हाइट हाउस के पूर्वी विंग में रखा हीरा

विदेश विभाग के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने 7.5 कैरेट का हीरा कीमत 20,000 डॉलर यानी लगभग 17.15 लाख रुपये अपने अमेरिका दौरे के दौरान प्रथम महिला को दिया था।

## जैकेट के शेष

### बिजली खरीदी के .....

बिजली की उत्पादन लागत भी हर माह कम ज्यादा होने के कारण इसको टैरिफ में न जोड़कर इसके लिए एफपीपीएएस के माध्यम से इसका शुल्क उपभक्ताओं से अलग से लिया जाता है। पहले यह शुल्क वीसीए के रूप में लिया जाता था, लेकिन पिछले साल से इसको एफपीपीएस के माध्यम से लिया जाता है।

### बीजापुर में पत्रकार ....

1 जनवरी की शाम टी-शर्ट और शॉर्ट्स में घर से बाहर निकला था, कुछ देर के बाद उनका फोन स्विच ऑफ हो गया। रात तक घर नहीं लौटने पर उनके भाई और पत्रकार युकेश चंद्रकार ने करीबियों के घर व शहर में अलग-अलग जगह पता लगाया। कोई खबर नहीं मिलने पर युकेश चंद्रकार ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। मुकेश के गुमशुदगी रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए आईजी सुंदरराज पी ने शुक्रवार शाम तक स्थिति स्पष्ट होने की बात कही थी। मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही थी। इसके अलावा पुलिस की एक टीम को दिल्ली रवाना किया गया था, लेकिन शाम होते होते मुकेश की हत्या की खबर मिली।

**देर शाम निकाला गया शव :** सेप्टिक टैंक से पानी निकालने के बाद देर शाम मुकेश का शव निकाला गया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में पत्रकार व बीजापुर के लोग घटनास्थल पर मौजूद थे। पुलिस ने शव निकालकर पीएम के लिए रवाना किया। टैंक से पुलिस को एक कुल्हाड़ी भी बरामद हुई है और पुलिस को संदेह है कि इसी कुल्हाड़ी से मुकेश के सिर में मारकर हत्या कर शव को फेंका गया था। बहरहाल घटना के बाद से ही ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर फरार हो गया है।

**ठेकेदार के कारनामों की खबर प्रमुखता से की थी प्रकाशित :** ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर मिरतुर से हिरोली गंगालूर सड़क का निर्माण करवा रहा है। इसकी लागत 56 करोड़ लगभग थीए वह काम 120 करोड़ का हो गया। इसे लेकर उन्होंने प्रमुखता 30 दिसम्बर को प्रकाशित की थी। प्रकाशित की खबर के बाद विभागीय मंत्री अरुण साव ने कमेटी बनाकर जांच के आदेश दिए थे। खबर के बाद शुक्रवार शाम उसी ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर के सेप्टिक टैंक में मुकेश की लाश मिली। फिलहाल पुलिस पूछताछ कर रही है।

### रायपुर में मिली गाड़ी....

से दिल्ली फरार हो गया। रितेश की दिल्ली में पकड़े जाने की खबर है।

### शराब घोटाले में ....

देवांगन अपनी-अपनी गाड़ियों से ईडी कार्यालय पहुंचे। सुबह भोजन करने की आदत की वजह से कवासी तथा उनके बेटे खाना खाकर ईडी कार्यालय पहुंचे। इसीलिए पूछताछ के दौरान भोजन की जरूरत नहीं पड़ी, पर चाय नाश्ते के लिए उनसे पूछा गया।

### पीएसओ को छोड़ ....

समय कवासी लखमा के साथ उनके पीएसओ को छोड़ एक भी समर्थक साथ नहीं था। ईडी अफसरों ने तीनों से आठ घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की।

### कवासी बोले-घर .....

से राजनीति के तहत उसे जबरन फंसाया जा रहा है। कवासी लखमा के अनुसार वे चार भाई हैं। गांव में उनकी चार एकड़ जमीन है। इसके अलावा उनके पास जगदलपुर में दो एकड़ जमीन है। पूर्व आबकारी मंत्री ने इन जमीनों के अलावा अपने पास किसी अन्य तरह की कोई संपत्ति नहीं होने का दावा किया है। कवासी लखमा के अनुसार उनके पास एक गाड़ी तक नहीं है।

### हथकरघा विभाग का ....

जल्द बनवाने के लिए तीनों समिति के पदाधिकारियों द्वारा केरा निवासी महेंद्र देवांगन को अधिकृत किया गया था। महेंद्र ने जब हथकरघा विभाग के कार्यालय में संपर्क किया तो वहां पदस्थ वरिष्ठ निरीक्षक हरिकृष्ण चौहान द्वारा 2 लाख रुपए रिश्वत की मांग की गई। महेंद्र देवांगन पूर्व में छत्तीसगढ़ हथकरघा संघ के डायरेक्टर रह चुके हैं। उन्होंने रिश्वत देने की बजाए वरिष्ठ निरिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई कराने की योजना बनाई। एसीबी बिलासपुर में इस बात की शिकायत की गई। एसीबी ने शिकायत का सत्यापन कराया और शिकायत सही पाए जाने पर वरिष्ठ निरीक्षक हरिकृष्ण चौहान को पकड़ने जाल बिछाया। बाद में रिश्वत में 1 लाख 75 हजार रुपए लेने वरिष्ठ निरीक्षक ने सहमति दी। रिश्वत में मांगी गई रकम में से 50 हजार रुपए की प्रथम किश्त देने के लिए 3 जनवरी को महेंद्र देवांगन जिला हथकरघा विभाग के कार्यालय लक्षनपुर चाम्पा पहुंचा। वरिष्ठ निरीक्षक हरिकृष्ण चौहान द्वारा पैसे लेते ही बिलासपुर एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। अचानक हुई इस कार्यवाही से हड़कंप मच गया। पकड़े गए आरोपी से रिश्वत की रकम बरामद कर एसीबी के द्वारा धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्यवाही की गई।

## पेज एक के शेष

### बस्तर से भागने वाले...

के नक्सली सूचना पर गश्त में रवाना हुई थी। सुबह 07 बजे के करीब सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच काण्डसर पहाडी में मुठभेड़ शुरू हो गई। अभी तक एक नक्सली का शव अब तक बरामद हो चुका है, और तीन सिंगल शॉट हथियार विस्फोटक सामग्री भी बरामद किए गए हैं। अन्य दो नक्सलियों के घायल होने की सूचना है, इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

### सेंट्रल कमेटी के मोस्ट...

नक्सलियों से मुक्त नक्सलियों की राजधानी कुतुल, गारपा, कस्तूरमेटा, फरसबेड़ा, तोके, गोमागाल में नया पुलिस थाना खोला जा रहा हैं। वही सुकमा में एलमागुण्डा, डब्बाकोन्टा पुरना, विगापरम्, सिलगेर में थाना की मंजूरी मिली हैं। इसी प्रकार बीजापुर में पुजारी कार्कर और कोण्डापल्ली में थाना खोला जा रहा हैं। यानि 2025 में नई रणनीति के साथ फोर्स एक बार फिर नक्सलियों से मुकाबला करेगी। इस पूरी कवायद को नक्सलियों के खात्मे का काउंट डाऊन माना जा सकता है। 2025 जनवरी से बड़े ऑपरेशन किए जाएंगे और माड़ सहित धुर नक्सल प्रभावित इलाकों में नक्सलियों की घेरेबंदी फोर्स करेगी। एंटी नक्सल ऑपरेशंस को और प्रभावी बनाने जंगलों में अफसरों को कैंप करने के निर्देश दिए जाएंगे ताकि मुख्यालय से बैठकर कमांड करने में आने वाली दिक्कतें दूर की जा सकें। उल्लेखनीय है कि 2024 में जवानों ने 30 बड़ी मुठभेड़ों में 250 नक्सलियों को मार गिराया और इसी कैंपों को बरकरार रखने यह पूरी एक्सरसाइज की जा रही है।जानकार भी मान रहे हैं कि नक्सलियों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन के साथ ही माइक्रो लेवल पर मॉनिटरिंग जरुरी है। सिमट रहे लाल आतंक पूरी तरह से खत्म हो, यह प्लान का हिस्सा होगा और इसके लिए माड़ की घेरेबंदी को जरुरी माना जा रहा है। सब डिवीजन स्तर पर ऑपरेशन चलाए जाएंगे और डीएसपी रैंक के अफसरों को नक्सलियों की सबसे छोटी इकाई एरिया कमेटी की गतिविधियों पर नजर रखने कहा जाएगा। इसके साथ ही माओवादियों के मददगारों की भी पहचान अफसर करेंगे।सुरक्षा बलों की यह पहल नक्सल प्रभावित महिलाओं इलाकों में शांति और सुरक्षा स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नए साल में नारायणपुर,बीजापुर से लेकर अबूझमाड़ तक के लिए की जा रही प्लानिंग घुसपैठ को नियंत्रित करेगी। बेहतर तकनीक, खुफिया जानकारी और स्थानीय लोगों का समर्थन काफी मायने रखेगा। सुरक्षा बढ़ने से इलाके में विकास होगा। यह योजना न केवल सुरक्षा के दृष्टिकोण से, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

### बच्चों का सोशल...

तक सुझाव मांगे गए हैं। सुझाव के बाद ही सरकार इसे नोटिफाई करेगी। सरकार की तरफ से जारी ड्राफ्ट में यह नहीं बताया गया है कि नियमों का उल्लंघन करने पर क्या सजा दी जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने अधिसूचना जारी करते हुए घोषणा की कि जनता को इन मसौदा नियमों पर अपनी आपत्तियां और सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया गया है, यह फीडबैक सरकार के नागरिक सहभागिता मंच **MyGov**.in के माध्यम से दिया जा सकेगा। सहमति की पुष्टि के लिए फिड्यूशरीज़ को सरकारी पहचान पत्र या डिजिटल पहचान टोकन (जैसे डिजिटल लॉकर से जुड़े टोकन) का उपयोग करना होगा। हालांकि शैक्षणिक संस्थानों और बाल कल्याण संगठनों को इन नियमों के कुछ प्रावधानों से छूट दी गई है। **डिजिटल बिचौलियों के लिए दिशा-निर्देश :** मसौदा नियमों में ई-कॉमर्स संस्थाएं, ऑनलाइन गेमिंग बिचौलिए और सोशल मीडिया बिचौलिए जैसे महत्वपूर्ण डिजिटल मध्यस्थों को शामिल किया गया है। उनके लिए दिशा निर्देश निर्धारित किए गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को ऐसे मध्यस्थ के रूप में परिभाषित किया गया है, जो उपयोगकर्ताओं के बीच ऑनलाइन बातचीत को प्राथमिकता देते हैं, जिसमें सूचना का आदान-प्रदान, प्रसार और संशोधन शामिल है। **डेढ़ साल पहले संसद से मिली मंजूरी :** बता दें कि करीब डेढ़ साल पहले इस बिल को संसद से मंजूरी मिली थी। ड्राफ्ट के लिए जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट, 2023 की धारा 40 की उपधारा 1 और 2 से तहत केंद्र को मिली शक्तियों के आधार पर नियमों का ड्राफ्ट जारी किया गया है। एक्ट में पर्सनल डेटा इकट्ठा करने और उसका उपयोग करने वाली कंपनियों को 'डेटा फिड्युशरी' कहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने साधा निशाना, दिल्ली की रैली से किया चुनावी अभियान का आगाज

# अन्ना हजारे को आगे रखकर कुछ कट्टर भ्रष्ट लोगों ने दिल्ली को संकट में धकेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



अगले महीने होना है यहां विधानसभा चुनाव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि अन्ना हजारे को आगे रखकर कुछ कट्टर भ्रष्ट लोगों ने दिल्ली को संकट में धकेल दिया है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि दिल्ली ने हमेशा सुशासन की कल्पना की है, लेकिन सत्तारूढ़ राज्य सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है तथा उसने स्थिति को और खराब कर दिया है। नतीजतन, दिल्ली के लोग इस संकट से लड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, बदलाव लाने और शहर को इस भ्रष्टाचार से मुक्त करने की कसम खा रहे हैं। पीएम ने दिल्ली में कई प्रमुख विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, इसके बाद उन्होंने एक विशाल जन सभा को संबोधित करते हुए कि आज जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया, उनमें गरीबों के लिए घर और स्कूल-कॉलेज से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने उन लोगों और खास तौर पर महिलाओं को बधाई दी कि वे एक तरह से नए जीवन की शुरुआत कर रही हैं।

### सीएम आतिशी के खिलाफ कांग्रेस ने उतारा अलका को

कांग्रेस महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ कालकाजी सीट से चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को उनके नाम की घोषणा की।



दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस अब तक 3 लिस्ट में 48 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। 12 दिसंबर को कांग्रेस की पहली लिस्ट जारी हुई थी। इसमें 21 नाम थे। 24 दिसंबर को दूसरी लिस्ट जारी की थी। इसमें 26 नाम थे। दिल्ली में फरवरी के पहले या दूसरे हफ्ते में चुनाव हो सकते हैं। 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी, 2025 को खत्म हो रहा है। 2020 में हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 और 2015 में 67 सीटें जीती थीं।

### '43 मिनट के भाषण में 39 मिनट दिल्ली के लोगों को गालियां दीं'



पीएम मोदी के भाषण पर आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा, 'अपने 43 मिनट के भाषण में 39 मिनट तक प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली की जनता और उनके द्वारा भारी बहुमत से चुनी गई सरकार को केवल गाली दी।' केजरीवाल ने आगे कहा, अगर दिल्ली की जनता के लिए कुछ काम किया होता तो पीएम मोदी को गाली देने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा, 'बीजेपी वाले गरीबों के दुश्मन है। इन्होंने दिल्ली में झुग्गियां तोड़कर 2 लाख से ज्यादा लोगों को बेघर कर दिया गया।' केजरीवाल ने आगे कहा कि आपदा दिल्ली में नहीं, बीजेपी में आई हुई है। बीजेपी में तीन तरह की आपदा आई हुई हैं। पहली आपदा- बीजेपी के पास दिल्ली में सीएम चेहरा नहीं है। दूसरी आपदा- बीजेपी के पास नैरेटिव नहीं है, उन्हें पता ही नहीं है कि चुनाव किस मुद्दे पर लड़ना है। तीसरी आपदा- बीजेपी के पास इस चुनाव के लिए कोई एजेंडा नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था की एक आपदा आई हुई है।

## कैलिफोर्निया में बिल्डिंग की छत से टकराया प्लेन 2 की मौत, 15 घायल

**न्यूयार्क।** अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया में गुरुवार, 2 जनवरी को एक प्लेन क्रैश का मामला सामने आया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, एक छोटा प्लेन फर्नीचर गोदाम की छत से टकरा गया। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई और करीब 15 लोग घायल हो बताए जा रहे हैं। सामने आए फुटेज में गोदाम की छत में बने एक छेद से धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया, जहां प्लेन दोपहर करीब 2:15 बजे बिल्डिंग से टकराया था. इसके साथ ही, हादसे वाली जगह पर अग्निशमन कर्मी पहुंचे और घायलों का रेस्क्यू किया।

### भारत हमेशा रहेगा मालदीव के साथ : जयशंकर

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** भारत और मालदीव के विदेश मंत्रियों के बीच शुक्रवार को राजधानी में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें आपसी सहयोग से जुड़े हुए तमाम विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। वहीं, भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने अपने मालदीव के समकक्ष विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील को यह आश्वासन दिया कि भारत हमेशा मालदीव के साथ खड़ा रहेगा। यहां बता दें कि मालदीव के विदेश मंत्री बीते गुरुवार को अपनी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत भारत पहुंचे।

### वंदे भारत 180 की रफ्तार से दौड़ने को तैयार

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने पिछले तीन दिनों में अपने कई परीक्षणों में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की है। जनवरी के अंत तक यह परीक्षण जारी रहेंगे। उसके बाद देश भर के रेल यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह विश्व-स्तरीय यात्रा उपलब्ध कराई जाएगी। कोटा डिवीजन में सफल परीक्षण का एक वीडियो साझा करते हुए, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर अपनी पोस्ट में इसकी गति का उल्लेख किया।

## देश में 2023-24 में स्कूल नामांकन में 37 लाख से अधिक की गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाली एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (यूडाइस-प्लस) की 2023-24 की हालिया आई एक रिपोर्ट बेहद चौंकाने वाली है। क्योंकि इसमें यह कहा गया है कि 2023-24 के दौरान देश के स्कूलों में नामांकन में 37.45 लाख की गिरावट देखने को मिली है। इसकी तुलना में वर्ष 2022-23 में स्कूलों में नामांकित छात्रों की संख्या 25.17 करोड़ थी। जबकि 2023-24 में यह आंकड़ा 24.80 करोड़ पर जा पहुंचा। इसमें छात्राओं की संख्या में 16 लाख और छात्रों की संख्या में 21 लाख की गिरावट देखने को मिली। कुल नामांकन में अल्पसंख्यकों का प्रतिशत लगभग 20 फीसदी रहा। वहीं, रिपोर्ट बताती है कि 57.2 फीसदी स्कूलों में ही कंप्यूटर काम करने की हालत में हैं और 53.9 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट इस्तेमाल करने की सुविधा है। इसी तरह से देश के 52.3 फीसदी स्कूलों में ही रेलिंग और रैंप लगी हुई हैं।

**आंगनबाड़ी के बच्चों को मिले अपार आईडी :** उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्रालय यह चाहता है कि आंगनबाड़ी वाले छोटे बच्चों को भी स्कूली शिक्षा वाले छात्रों की तर्ज पर अपार-आईडी (पहचान नंबर) मिलनी चाहिए। इसके लिए मंत्रालय काम कर रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से इस संबंध में बातचीत के जरिए आगे बढ़ा जा सकता है।

### शिक्षा मंत्रालय की प्रतिक्रिया

शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वो इस बात को स्वीकार करते हैं कि यूडाइस-प्लस की रिपोर्ट में नामांकन या बुनियादी सुविधाओं जैसे कंप्यूटर और इंटरनेट को लेकर कुछ चीजें सामने आई हैं। लेकिन इस रिपोर्ट के जरिए हमारी कोशिश यही है कि कोई भी बच्चा स्कूली शिक्षा व्यवस्था से बाहर ना रहे। यूडाइस से अब हमारे पास एक खाका बन गया है।

## वाशिंगटन पोस्ट की खबर को भारत ने किया सिरे से खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बीते दिनों मीडिया की सुर्खियों में रही अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट की मालदीव और पाकिस्तान में भारत के कथित गुप्त मिशनों वाली दो खबरों को लेकर शुक्रवार को भारत ने बेहद कड़ी प्रतिक्रिया दी। यहां राजधानी में आयोजित साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा कि वाशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित यह दोनों खबरें निराधार, गैर-विश्वसनीय और भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैये वाली हैं। इसलिए हम इन्हें सिरे से खारिज करते हैं। जायसवाल ने यह भी कहा कि इन दोनों खबरों को देखकर ऐसा लगता कि अखबार और उसके संवाददाता दोनों ही भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैया रखते हैं। आप उनकी गतिविधियों और खबरों में एक पैटर्न को देख सकते हैं। ऐसे में उनकी विश्वसनीयता कितनी है, उसके आकलन का काम हम आप पर छोड़ते हैं। जहां तक हमारा सवाल है, हमें उनमें कोई विश्वसनीयता नजर नहीं आती है।

### याद रखें हिलेरी क्लिंटन का बयान

पाकिस्तान को लेकर जायसवाल ने पत्रकारों को अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन के एक पुराने बयान को याद दिलाते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि अगर आप अपने घर के पीछे सांप पालते हैं तो आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वो केवल आपके पड़ोसियों को ही काटेंगे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

ई-टेंडर नोटिस नं. एनआईटी/14/24/56, तिथिः 24.12.2024

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | टेंडर बंद/खुलने की तिथि एवं समय | खरीदी मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 06240095 | रेट कांट्रैक्ट फॉर सप्लाइ ऑफ सी म स क्रोसिंग 60 केजी 1 इन 12 कोन्फोर्मिंग टू आर डी स ओ DRG. No. T-4220 Alt.-7 | 09.01.2025 At 10:30 hrs | 531 सेट |
| 2 | 02244473 | सेट ऑफ अवेरहौलिंग किट्स फॉर कंट्रोलर अससेंबल EBV-A & EBV-B of CCB ब्रेक सिस्टम | 15.01.2025 At 10:30 hrs | 20 सेट |
| 3 | 02244106B | मेटलिजेड कार्बन स्ट्रिप सुइटबल फॉर हाइ रीच पांतोग्रफ्स | 20.01.2025 At 10:30 hrs | 303 नग |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरुरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं। सहायक सामग्री प्रबंधक-।। द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
सीपीआर/10/412


## हाईकोर्ट के बरी करने पर सुप्रीम कोर्ट ने राम रहीम को जारी किया नोटिस

**चंडीगढ़।** डेरी चीफ बाबा राम रहीम में सुप्रीम कोर्ट ने रंजीत सिंह हत्याकांड में नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह नोटिस बाबा राम रहीम के इस मामले में बरी होने पर जारी हुआ है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) शीर्ष कोर्ट में दायर एसएलपी दायर की थी। इसमें पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा बाबा राम रहीम और उसके सहयोगियों को बरी किए जाने को चुनौती दी गई है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की खंडपीठ ने मामले में नोटिस जारी किया।

साल 2002 में मैनेजर रंजीत सिंह की चार अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। यह घटना 10 जुलाई 2002 को हरियाणा के कुरुक्षेत्र की खानपुर कॉलोनी में की गई थी। तब ऐसा माना गया था कि बाबा राम रहीम को संदेह था कि महिला अनुयायियों के यौन शोषण को उजागर करने वाले गुमनाम पत्र में रंजीत सिंह का हाथ है।


**कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर-08, शंकरनगर, तहसील-रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 03.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सतवीर सिंह छाबड़ा पिता प्रीतम सिंह छाबड़ा निवासी किंगडम कचना रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम शंकर नगर, प.ह.नं. 63 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-08 (शंकरनगर) स्थित भूमि खसरा नंबर 956/1, 956/2 रकबा क्रमशः 0.0330, 0.0200 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के ओदश दिनांक 12.04.2024 के परिपालन में दिनांक 06.01.2025 को समय अपरान्ह 1.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी नंबर 63 के शंकरनगर स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अवने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं.-रायपुर 08 (शंकरनगर)**

**न्यायालय तहसीलदार खैरागढ़ जिला - खैरागढ़-छुईखदान - गण्डई (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार::-**

रा.प्र.क्र. 202410290200024 अ/19 (3)
वर्ष 2024 2025

एतद् द्वारा ग्राम अमलीपारा प.ह.न. 30 तहसील खैरागढ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के द्वारा कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के पत्र क्र. पु.अ./के.सी.जी. / रानि/ 740/ 2024 दिनांक 08/05/2024 अनुसार ग्राम अमलीपारा प.ह.न. 30 तहसील खैरागढ़ स्थित भूमि शासकीय भूमि ख.न. 48/1 रकबा 0.381 हे. एंव खसरा नं. 48/2 रकबा 0.623 हे भूमि को पुलिस विभाग अंतर्गत पुलिस लाईन संचालित किये जाने हेतु आबंटन किये जाने हेतु निवेदन किया गया हैं। साथ ही साथ विभाग द्वारा बजट आबंटन होने के कारण उक्त भूमि को अग्रिम आधिपत्य में प्रदाय किये जाने बाबत प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी महो. (रा.) खैरागढ़ से प्रकरण अ/19 (3) में दर्ज किये जाने उपरांत जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं।

अतएव ग्राम अमलीपारा पहन 30 स्थित शासकीय भूमि ख.न. 48/1 रकबा 0.381 हे. एंव खसरा नं. 48/2 रकबा 0.623 हे. भूमि को पुलिस विभाग अंतर्गत पुलिस लाईन संचालित किये जाने हेतु आबंटन किये जाने में जिस किसी को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे पेशी दिनांक 17/01/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 02/01/2025
सुनवाई दिनांक 17/01/2025
मुहर
**तहसीलदार**
**खैरागढ़ (छ.ग.)**

**कार्यालय, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छत्तीसगढ़)**
**Email - pfjagdalpur88@gmail.com**

क्रमांक 565 /प्रक्षेत्र /भंडार /निविदा /2024-25 / जगदलपुर, दिनांक- 31.12.2024

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

वर्ष 2024-25 के लिये बस्तर जिला के कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र जगदलपुर के लिये पोल्ट्री एग हैचर एवं सेटर, का क्रय हेतु निविदा पंजीकृत अधिकृत विक्रेताओं एवं निर्माताओं से मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र की प्राप्ति के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करप्रति निविदा हेतु रूपये 1000.00 (अक्षरी एक हजार रूपये मात्र) नगद या बैंक ड्राप्ट के माध्यम से भुगतान कर कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्राप्त किया जा सकता है। डाक से निविदा प्रपत्र प्राप्त करनें हेतु डाक व्यय रूपये 100.00 (अक्षरी रूपये एक सौ मात्र) का अतिरिक्त भुगतान करना होगा। निविदा प्रपत्र क्रय की देय राशि वापसी योग्य नहीं होगी। डाक द्वारा प्रेषित निविदा में किसी भी प्रकार के विलंब के लिये कार्यालय जवाबदार नहीं होगा। निविदा प्रपत्र का अवलोकन कार्यालयीन दिवस एवं समय में किया जा सकता है। जिसमें क्रय किये जाने वाले सामग्री का नाम अनुमानित मात्रा एवं जमा कि जाने वाली धरोहर राशि के साथ-साथ निविदा शर्तों का उल्लेख किया गया है।

| क्र. | निविदा का प्रकार | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पोल्ट्री एग हैचर एवं सेटर का क्रय | दिनांक 24.01.2025 सायं 5.30 बजे तक | दिनांक 27.01.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक | दिनांक 27.01.2025 अपरान्ह 4.00 बजे |

**निविदा प्रपत्र प्राप्त करने, जमा करने, खुलने का स्थान**
**कार्यालय पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र, जगदलपुर जिला-बस्तर**

निविदा प्रपत्र को विभागीय वेबसाईड http://bastar.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है । डाउनलोड की हुई निविदा प्रपत्र की राशि निविदा जमा करते समय पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र जगदलपुर जिला बस्तर के पदनाम से डिमांड ड्राप्ट द्वारा जमा करना अनिवार्य है । निविदा केवल रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त की जावेगी अथवा निर्धारित निविदा पेटी में डाली जा सकती है । निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त निविदायें स्वीकार नहीं की जावेगी । निविदा आमंत्रण की कार्यवाही स्थगित / निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र जगदलपुर जिला बस्तर के पास सुरक्षित है ।

**पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ**
**शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र**
**जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग )**

G-242504986/2


## राशिफल


**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।


**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।


**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।


**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।


**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।


**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।



**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।


**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।


**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।


**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।


## शब्द पहेली - 5737



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली - 5736 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5747

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5746 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |




# प्रयागराज महाकुंभ

13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा यह महाआयोजन

देशभर से लाखों लोग इस पुण्य पर्व पर होंगे शामिल

भारत से लगे पड़ोसी देशों में भी है कुंभ को लेकर उत्साह

*पड़ोसी देश नेपाल में भी प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ को लेकर उत्साह चरम पर है। सीमा से लगे आठ नेपाली जिलों के श्रद्धालु महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने को जल्द ही प्रयागराज के लिए निकलेंगे। लगभग एक लाख श्रद्धालुओं को त्रिवेणी में डुबकी लगवाने के लिए निगम भी पूरी तरह से तैयार हैं। श्रद्धालुओं की सहूलियतों को लेकर रुपईडीहा रोडवेज स्टेशन से मेला स्पेशल बसों का संचालन किया जाएगा,जो सीधे प्रयागराज तक सफर कराएंगी।*

## नेपाल के एक लाख से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ में लगाएंगे डुबकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ को लेकर सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि नेपाल के लोगों को भी प्रतीक्षा है। गंगा,यमुना व सरस्वती के संगम में डुबकी लगाने के लिए नेपाल के श्रद्धालु भी उत्सुक हो रहे हैं। 10 जनवरी के बाद से ही नेपाली श्रद्धालुओं का दल महाकुंभ में शामिल होने के लिए निकलेंगे। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद पहले महाकुंभ को लेकर एक लाख से अधिक नेपाली श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुंचने की संभावना है। इसको देखते हुए परिवहन निगम की ओर से भी नेपाली श्रद्धालुओं के आवागमन की सहूलियतों को ध्यान में रखकर मेला स्पेशल बसों के संचालन का फैसला किया गया है।



**20 बसों का संचालन :** 12 जनवरी से रुपईडीहा रोडवेज बस स्टेशन से प्रयागराज के लिए सीधी बस सेवा का आगाज किया जा रहा है। अधिकतम 20 बसों को संचालित करने की रूपरेखा तैयार की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को परिवहन को लेकर कोई समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए समय सारिणी को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि नेपाल से आने वाले श्रद्धालुओं को बसों के लिए भटकना या फिर ज्यादा इंतजार न करना पड़े।

## सिर पर 45 किलो रुद्राक्ष, तन पर भभूत और एक संकल्प

### महाकुंभ में पहुंचे इस संत की हो रही खूब चर्चा



महाकुंभ से पहले संगम की रेती पर साधु-संतों की विहंगम रूप देखने को मिल रहा है। इसी तरह सवा लाख रुद्राक्ष वाले बाबा के नाम से मशहूर गीतानंद गिरि महाराज अपने सिर पर 45 किलो रुद्राक्ष की मालाओं का मुकुट धारण कर हर दिन 12 घंटे तपस्या कर रहे हैं। उन्होंने सवा लाख रुद्राक्ष की माला धारण करने का संकल्प लिया था। बाबा ने दावा किया कि मौजूदा समय में उनके सिर पर सवा दो लाख रुद्राक्ष हो गया है। पंजाब के कोट का पुरा से गीतानंद गिरि श्री शंभू पंचदशनाम आवाहन अखाड़ा के नागा संन्यासी हैं। वह बताते हैं कि ढाई साल की उम्र में ही वह घर छोड़ दिए थे। उसके बाद से वह जप-तप कर रहे हैं। वह संन्यासी बनने के बाद संस्कृत विद्यालय से 10 वीं तक की पढ़ाई की। गीतानंद गिरि महाराज ने बताया कि अर्द्ध कुंभ 2019 में वह संगम त्रिवेणी को साक्षी मानकर 12 साल के लिए सिर पर सवा लाख रुद्राक्ष धारण करने का संकल्प लिया था।

## खबर संक्षेप

### 'हिंदू के जिक्र से आते चौंकाने वाले बयान'



**नई दिल्ली।** सनातन धर्म को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को बड़ी बात कही। धनखड़ ने जेएनयू में एक कार्यक्रम में कहा कि देश में कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिनकी सनातन और हिंदू के जिक्र भर से चौंकाने वाली प्रतिक्रिया आती है। उन्होंने ऐसे लोगों को गुमराह करार दिया। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर अफसोस जताया कि भारत में सनातन और हिंदू के जिक्र भर से गुमराह लोगों की ओर से चौंकाने वाले बयान सामने आते हैं।

### पीएम मोदी की 'चादर' लेकर औलिया दरगाह पहुंचे रिजीजू



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दी हुई चादर लेकर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू दिल्ली स्थित निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पहुंचे। पीएम मोदी हर साल की तरह इस साल भी अजमेर शरीफ स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर भेज रहे हैं। ऐसे में गुरुवार को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू और बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी को ये चादर सौंपी गई। शुक्रवार को वे इस खास चादर को निजामुद्दीन स्थित हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर लेकर पहुंचे। इसके बाद इसे अजमेर दरगाह पर भेजा जाएगा।

### अल्लू को राहत, भगदड़ मामले में मिली जमानत



**हैदराबाद।** मशहूर अभिनेता अल्लू अर्जुन को संध्या थिएटर भगदड़ मामले में बड़ी राहत मिल गई है। हैदराबाद की नामपल्ली अदालत ने अल्लू अर्जुन को पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ में 35 वर्षीय महिला की मौत की जांच के सिलसिले में नियमित जमानत दे दी है। अदालत ने अल्लू अर्जुन को जमानत शर्तों के तहत 50 हजार रुपये के दो जमानती पेश करने का निर्देश दिया है। घटना 4 दिसंबर की है, जब पुष्पा-2 रिलीज हुई थी। हैदराबाद में फिल्म के शोज सुबह 3 बजे से रखे गए थे।

### देश के लाखों गांवों को बनाएंगे गरीबी मुक्त




**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। मंत्रालय के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण भारत के विकास के बिना विकसित भारत नहीं बन सकता है।योजनाएं सिर्फ योजना नहीं लोगों की जिंदगी बदलने का अभियान है।

## एलओसी पर टेंशन

**भारत-चीन फिर आमने-सामने**

# लद्दाख क्षेत्र में नई काउंटी बना रहा चीन, भारत ने जताया विरोध

*पड़ोसी मुल्क चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों से बाज नहीं आता है और भारतीय जमीन को कब्जाने की कोशिश करता रहता है। कुछ ऐसा ही अब वह लद्दाख के क्षेत्र में एक बार फिर कर रहा है, वह लद्दाख से सटे चीनी इलाके में दो काउंटीज बना रहा है, जिसका एक बड़ा हिस्सा लद्दाख में भी आरहा है। चीन की इन हरकतों पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने आपत्ति जाहिर की है।*



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दरअसल, चीनी सरकारी मीडिया एजेंसी शिन्हुआ ने 27 दिसंबर को बताया था कि उत्तर-पश्चिमी चीन के झिजियांग उइगर क्षेत्र की सरकार ने दो नए काउंटी यानी हेआन हेकांग बनाने की घोषणा की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस तरह के किसी भी चीनी कब्जे को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**खास बातें**

- अपनी विस्तारवादी नीतियों से बाज नहीं आ रहा ड्रैगन
- जायसवाल ने कहा- चीनी पक्ष के समक्ष दर्ज कराया गया है गंभीर विरोध



### एमईए बोला- भारत करता है कड़ा विरोध

विदेश मंत्रायल के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि तथाकथित काउंटियों के कुछ हिस्से लद्दाख में आते हैं और भारत इस क्षेत्र में चीनी कब्जे का कड़ा विरोध करता है। चीन को अपना यह प्रोजेक्ट रोकना ही होगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने चीन के होटन प्रांत में दो नए काउंटी की स्थापना की घोषणा देखी है, जो कि भारतीय केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में आते हैं।

**'चीनी कब्जे को नहीं मिलेगी वैधता'**

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नए देशों के निर्माण से न तो क्षेत्र पर हमारी संप्रभुता के संबंध में भारत की दीर्घकालिक और सुसंगत स्थिति पर कोई असर पड़ेगा और न ही चीन के अवैध और जबरन कब्जे को वैधता मिलेगी। हमने कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से चीनी पक्ष के समक्ष गंभीर विरोध दर्ज कराया है। इस मामले में चीनी सरकारी मीडिया द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक हीआन की काउंटी सीट हांगलिउ टाउनशिप है, जबकि हेकांग की काउंटी सीट जेयिदुला टाउनशिप है लेकिन भारत इसके लद्दाख में दखल देने के मामले को लेकर विरोध जता रहा है।*

### ब्रह्मपुत्र को लेकर भी जताई चिंता

ब्रह्मपुत्र नदीं पर चीन एक डैम बना रहा है, जिसको लेकर भारत सरकार ने आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने जलविद्युत परियोजना को लेकर चिंता जताई है। शिन्हुआ ने 25 दिसंबर को बताया कि चीन तिब्बत स्वायत्त में यारलुंग त्सांगपो नदीं पर जल विद्युत प्रोजेक्ट का निर्माण कर रहा है। इसको लेकर भारत ने कहा कि नदी के जल पर स्थापित उपयोगकर्ता अधिकारों वाले एक निचले तटवर्ती राज्य के रूप में, उसने विशेषज्ञ स्तर के साथ-साथ कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से चीनी पक्ष के समक्ष उनके क्षेत्र में नदियों पर बड़ी परियोजनाओं के संबंध में अपने विचार और चिंताओं लगातार व्यक्त की हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि नवीनतम रिपोर्ट के बाद इन बातों को दोहराया गया है, साथ ही पारदर्शिता और निचले देशों के साथ परामर्श की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है। चीनी पक्ष से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है कि ब्रह्मपुत्र के निचले राज्यों के हितों को ऊपरी क्षेत्रों में गतिविधियों से नुकसान न पहुंचे। हम अपने हितों की रक्षा के लिए निगरानी करना और आवश्यक उपाय करना जारी रखेंगे।

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को दिया निर्देश**

# 'मेडिकल सीटें खाली नहीं रह सकतीं, संबंधित पक्षों से बात करें'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मेडिकल सीटों को लेकर अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि मेडिकल कोर्स की सीटें खाली नहीं रह सकतीं। साथ ही केंद्र से कहा कि वह राज्यों सहित संबंधित पक्षों के साथ बैठक करे और इस मुद्दे पर गठित समिति की सिफारिशों पर विचार करे। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। अप्रैल 2023 में, सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल कोर्स में सुपर स्पेशियलिटी सीटों के खाली रहने का मुद्दा उठाया था। उस समय केंद्र ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक की अध्यक्षता में राज्यों और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों सहित सभी हितधारकों की एक समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा था।

**अहम टिप्पणी :** देश में डॉक्टरों की कमी फिर भी बर्बाद हो रहीं मेडिकल सीटें



### तीन महीने का दिया समय


केंद्र की ओर से उपस्थित वकील ने कहा कि संबंधित पक्षों की समिति गठित की जा चुकी है। उसने इस मुद्दे पर अपनी सिफारिशें दी हैं। उन्होंने कहा कि यह उचित होगा यदि केंद्र सभी पक्षों के साथ बैठक कर एक ठोस प्रस्ताव सामने लाए। इसके बाद, पीठ ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह संबंधित पक्षों के साथ बैठक करे। अदालत ने तीन महीने के भीतर यह कार्य पूरा करने के लिए कहा और मामले को अप्रैल में अगली सुनवाई के लिए पोस्ट किया। सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में कहा था कि मामला बहुत ही निराशाजनक स्थिति को दर्शाता है क्योंकि 1,003 महत्वपूर्ण सुपर स्पेशियलिटी सीटें बेकार जा रही हैं क्योंकि इन सीटों के लिए कोई प्रवेश नहीं हो सकता। अदालत ने कहा था, 'एक तरफ जहां सुपर स्पेशियलिटी डॉक्टरों की हमेशा कमी रहती है, वहीं दूसरी ओर ये महत्वपूर्ण सीटें खाली रह जाती हैं।

### 'कॉलेजों में जातिगत भेदभाव : यूजीसी को दिए गए निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने जातिगत भेदभाव को एक संवेदनशील मुद्दा बताया। अदालत ने शुक्रवार को कहा कि वह देश के शैक्षणिक संस्थानों में जातिगत भेदभाव से निपटने के लिए एक प्रभावी तंत्र तैयार करेगा। SC की पीठ ने इस मुद्दे पर केंद्र की प्रतिक्रिया मांगी है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को ड्राफ्ट नियमों को अधिसूचित करने का निर्देश दिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केंद्रीय, राज्य, निजी और डीम्ड विश्वविद्यालयों में छात्रों के साथ कोई जाति-आधारित भेदभाव न हो। अदालत ने यूजीसी को उन संस्थानों की संख्या के बारे में जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जिन्होंने यूजीसी (उच्च शैक्षणिक संस्थानों में निष्पक्षता को बढ़ावा देने के नियम) 2012 का अनुपालन करते हुए समान अवसर प्रकोष्ठ स्थापित किए हैं। पीठ ने कहा, "हम इस संवेदनशील मुद्दे के प्रति समान रूप से सचेत हैं। हम कुछ करेंगे।

*इजराइल की सीरिया में सर्जिकल स्ट्राइक*

# 3 घंटे में 120 कमांडो ने टनल में तबाह की मिसाइल फैक्ट्री





**तेल अवीव।** इजराइली वायुसेना ने सीरिया में 4 महीने पहले की सर्जिकल स्ट्राइक का वीडियो गुरुवार देर रात जारी किया। इजराइली वायुसेना के 120 एलीट कमांडो की एक स्पेशल यूनिट ने 8 सितंबर 2024 को सीरिया में 200 किमी घुसकर यह कार्रवाई की और ईरान की मिसाइल फैक्ट्री को तबाह कर दिया। इजराइली सेना के मुताबिक, ईरान ने पश्चिमी सीरिया के मस्फया इलाके में पहाड़ को खोदकर अंडरग्राउंड (जमीन के अंदर) मिसाइल फैक्ट्री बनाई थी। यहां से किलर मिसाइलें बनाकर उसे लेबनान में हिजबुल्लाह और असद की सेना को दिया जाता था। इजराइल के कमांडो ने टनल में अंदर जाकर ढाई घंटे तक विस्फोटक बिछाए और सुरक्षित बाहर निकल गए।

### 'ऑपरेशन मेनी वेज'

इजराइल ने जब इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, उस समय सीरिया में बशर अल असद की सरकार थी। इस समय तक इजराइल, हिजबुल्लाह के साथ सीधी जंग में शामिल भी नहीं हुआ था। इजराइली सेना ने इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन मेनी वेज' और स्ट्राइक की लोकेशन को 'डीप लेयर' नाम दिया था। इस ऑपरेशन को वायुसेना की शालडाग यूनिट ने अंजाम दिया। उसके साथ सर्च और रेस्क्यू यूनिट 669 भी मौजूद थी। पूरे ऑपरेशन के दौरान इजराइल के किसी भी सैनिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

# बीपीएससी परीक्षा का पूरे बिहार में जमकर विरोध...




**पटना।** पटना। पटना बिहार में शुक्रवार को रेलवे ट्रैक जाम कर रहे छात्रों को सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर हिरासत में लेते पुलिसकर्मी। प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के चलते बीपीएससी द्वारा आयोजित 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा (सीसीई), 2024 को रद्द करने की मांग को लेकर पूरे बिहार में आंदोलन जारी है। सांसद पप्पू यादव के बिहार बंद के आह्वान पर उनके समर्थक और छात्र संगठनों ने कई जिलों में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। राजधानी पटना समेत कई जिलों में वाहनों को रोका गया और सड़क पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। छात्र संगठनों व पप्पू के समर्थकों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने जल्द ही बीपीएससी री-एग्जाम की घोषणा नहीं की, तो 2025 में 74वीं बीपीएससी से भी बड़ा आंदोलन होगा।



**आरएसएस का बड़ा दावा, मीडिया शाखा ने दिए अपने दावे के सबूत भी**

# संघ की शाखा में गए थे आंबेडकर व महात्मा गांधी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में भीमराव आंबेडकर और महात्मा गांधी को लेकर राजनीतिक पार्टियों को बीच जब बहस छिड़ी हो इस वक्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की संचार शाखा ने बड़ा दावा किया है। आरएसएस की कम्युनिकेशन विंग के अनुसार, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने 1940 में महाराष्ट्र के सतारा में आरएसएस की एक शाखा का दौरा किया था। उन्हें संघ के प्रति 'सहानुभूति' की भावना महसूस हुई। संघ की मीडिया शाखा ने अपने बयान में यह भी उल्लेख किया कि 1934 में महात्मा गांधी ने भी एक शाखा का दौरा किया था। आरएसएस की संचार शाखा विश्व संवाद केंद्र (वीएसके) के विदर्भ प्रांत ने गुरुवार को इन दावों के साथ एक बयान जारी किया। बता दें, आरएसएस अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है।

### यह कहा था आंबेडकर ने

आरएसएस की संचार शाखा ने दावा किया कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने अपनी यात्रा के दौरान कहा था कि कुछ अलग-अलग विचारों के बावजूद, वह आरएसएस को अपनेपन की भावना से देखते हैं। भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. अंबेडकर ने 85 साल पहले आरएसएस की एक शाखा का दौरा किया था। वीएसके ने कहा कि अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर ने कहा था कि हालांकि कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं, लेकिन मैं संघ को अपनेपन की भावना से देखता हूं।



### अखबार में प्रकाशित हुई थी खबर

विश्व संवाद केंद्र ने बताया कि 9 जनवरी 1940 को पुणे स्थित मराठी दैनिक 'केसरी' ने डॉ. अंबेडकर के आरएसएस शाखा में जाने की खबर प्रकाशित की थी। विश्व संवाद केंद्र ने अपने दावों के साथ खबर की क्लिपिंग को भी प्रमाणित किया। रिपोर्ट में आरएसएस विचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी की लिखी किताब 'डॉ. अंबेडकर और सामाजिक क्रांति की यात्रा' का हवाला दिया गया है। इसमें आरएसएस और डॉ. अंबेडकर के बीच संबंधों के बारे में बताया गया है।

### ठेंगड़ी की किताब का हवाला

### रिलायंस नैवल का नाम अब होगा स्वान डिफेंस



**नई दिल्ली।** रिलायंस नैवल एंड इंजीनियरिंग लि. का नाम बदलकर स्वान डिफेंस एंड हेवी इंडस्ट्रीज लि. कर दिया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ''कंपनी का नाम दो जनवरी, 2025 से 'रिलायंस नैवल एंड इंजीनियरिंग लि.'' से बदलकर 'स्वान डिफेंस एंड हेवी इंडस्ट्रीज लि.'' कर दिया गया है। इससे पहले, दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत सफल बोलीदाता के रूप में उभरने के बाद स्वान एनर्जी ने रिलायंस नैवल एंड इंजीनियरिंग के प्रबंधन का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था।


## कमजोर वैश्विक संकट के कारण भी शेयर बाजार में रही गिरावट

# बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार गिरा, सेंसेक्स 720 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कमजोर वैश्विक संकेतों और रुपये में गिरावट जारी रहने के बीच शुक्रवार को बैंकों एवं आईटी शेयरों में बिकवाली होने से शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स में 720 अंक की गिरावट आई जबकि निफ्टी 184 अंक फिसल गया। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों ने अगले हफ्ते तिमाही नतीजे आने का सिलसिला शुरू होने के पहले अपने जोखिम को कम किया।

इसके अलावा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार आ रही कमजोरी ने भी धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स सकारात्मक शुरुआत के बावजूद 720.60 अंक यानी 0.90 प्रतिशत गिरकर 79,223.11 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 833.98 अंक गिरकर 79,109.73 पर आ गया था।



- कंपनियों के परिणाम आने के पूर्व निवेशकों ने जोखिम कम किया
- अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए लगातार कमजोर बना
- बाजार के उच्च मूल्यांकन के कारण निवेशक बिकवाल बने

### निवेशकों का तीसरी तिमाही पर ध्यान केंद्रित

नायर ने कहा कि आने वाले समय में भारतीय बाजार तीसरी तिमाही के नतीजों पर ध्यान केंद्रित करेगा। उम्मीद है कि दूसरी तिमाही की तुलना में आंकड़े बेहतर होंगे। मझोली कंपनियों के बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.33 प्रतिशत गिरावट आई जबकि छोटी कंपनियों के बीएसई स्मालकैप सूचकांक में 0.02 प्रतिशत की सुस्ती रही।

### निफ्टी 183 अंक टूटा

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 183.90 अंक यानी 0.76 प्रतिशत गिरकर 24,004.75 पर बंद हुआ। इसके साथ ही कारोबारी सप्ताह का समापन गिरावट के साथ हुआ। उतार-चढ़ाव से भरे इस सप्ताह में सेंसेक्स में कुल 524.04 अंक यानी 0.66 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि निफ्टी 191.35 अंक यानी 0.80 प्रतिशत चढ़ा।

### इन शेयरों में लाभ-हानि

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, लार्सन एंड टूब्रो, एचसीएल टेक और आईटीसी में गिरावट रही। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, नेस्ले, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### ऊंचे स्तर पर बिकवाली का जोर

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ।''डॉलर में मजबूती, बाजार के उच्च मूल्यांकन और एक साथ कई संपत्ति श्रेणियों में निवेश के प्रति बढ़ते रुझान से बाजार में ऊंचे स्तर पर बिकवाली का रुख देखा जा रहा है। ब्याज दर में कटौती को लेकर जल्दबाजी दिखाता हुआ नहीं नजर आ रहा है।''

**एशियाई बाजार में गिरावट:** एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और हांगकांग के हैंगसेंग में तेजी रही जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट गिरावट के साथ बंद हुआ। जापानी बाजार नए साल की छुट्टी के कारण बंद रहे। यूरोप के अधिकांश बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। बृहस्पतिवार को अमेरिकी शेयर नुकसान के साथ बंद हुए थे।

**एफआईआई ने गुरुवार को की खरीदारी :** हालांकि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने कई दिनों तक शुद्ध विक्रेता बने रहने के बाद बृहस्पतिवार को भारतीय बाजार में खरीदारी की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, एफआईआई ने 1,506.75 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट का सिलसिला जारी रह

# ब्लिंकिट की 10 मिनट की एम्बुलेंस सेवा शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- गोयल ने कंपनी से कानून का पालन करने कहा

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि 10 मिनट की एम्बुलेंस सेवा शुरू करने वाली ब्लिंकिट जैसी 'क्विक-कॉमर्स' यानी कुछ ही मिनट में सामान पहुंचाने वाली कंपनियों को देश के कानून का पालन करना चाहिए।

ब्लिंकिट ने बृहस्पतिवार को पायलट आधार पर गुरुग्राम के चुनिंदा इलाकों में 10 मिनट की एम्बुलेंस सेवा शुरू की थी। कंपनी के बयान के मुताबिक, उपयोगकर्ता ब्लिंकिट ऐप पर एम्बुलेंस बुलाने का विकल्प देख पाएंगे। कंपनी के फैसले के बारे में पूछने पर गोयल ने कहा, ''ब्लिंकिट द्वारा एम्बुलेंस सेवाएं देने या दवाएं पहुंचाने के बारे में मेरा एकमात्र सुझाव यह होगा कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे देश के कानून का पालन करें और जो भी कानूनी आवश्यकताएं हैं, उनका ठीक से ध्यान रखें। देश के किसी भी कानून को नहीं तोड़ा जाना चाहिए।''छोटे खुदरा विक्रेताओं ने 'क्विक-कॉमर्स' या 'ई-कॉमर्स' कंपनियों के बारे में जो मुद्दे उठाए हैं, उनके बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि सरकार इस पर नजर रख रही है। गोयल ने कहा कि सीसीसाई (भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग) ने पहले ही कुछ मामलों में कार्रवाई की है।

### हमने नहीं किया हस्तक्षेप

गोयल ने कहा, ''हमने न तो तब हस्तक्षेप किया, जब जेप्टो तीन साल से कम समय में यूनिकॉर्न बन गयी और न ही हमने तब हस्तक्षेप किया जब किसी का मूल्य गिर गया... यह कुप्रबंधन या वित्तीय विवेक की कमी के कारण हो सकता है।'

### कानून का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई

गोयल ने कहा, ''जहां तक मुझे पता है, जिन कंपनियों ने कानूनों का उल्लंघन किया है और उनका दुरुपयोग किया है, उन पर कार्रवाई भी की गई है।'' कुछ यूनिकॉर्न स्टार्टअप के मूल्यांकन में भारी गिरावट के बारे में पूछने पर गोयल ने कहा कि ऐसे बहुत कम मामले हैं। उन्होंने कहा कि बाजार की ताकतें मूल्यांकन निर्धारित करती हैं और सरकार उसमें हस्तक्षेप नहीं करती है।

# संपत्तियों की ई-नीलामी के लिए नया पोर्टल 'बैंकनेट' पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने शुक्रवार को वाणिज्यिक संपत्तियों, औद्योगिक भूमि, दुकानों, वाहनों और कृषि एवं गैर-कृषि भूमि की ई-नीलामी के लिए नया पोर्टल पेश किया। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 'बैंकनेट' नाम का यह पोर्टल ई-नीलामी वाली संपत्तियों के बारे में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों से जानकारी को इकट्ठा करता है और खरीदारों एवं निवेशकों को संपत्तियों की एक विस्तृत श्रृंखला तलाशने का एक मंच मुहैया कराता है। बैंकनेट पर सूचीबद्ध होने वाली संपत्तियों में फ्लैट, स्वतंत्र घर और खुले भूखंड, वाणिज्यिक संपत्तियां, औद्योगिक भूमि एवं भवन, दुकानें, वाहन, संयंत्र एवं मशीनरी और कृषि एवं गैर-कृषि भूमि शामिल हैं।



- एक ही जगह मिलेगी सारी सूचना
- पोर्टल सभी बैंकों से जानकारी इकट्ठा करता है

### बैंकों का सहयोग मंच को बनाएगा सफल

नागराजू ने इस पहल में सार्वजनिक बैंकों, भारतीय दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) और ऋण वसूली न्यायाधिकरणों (डीआरटी) द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि उनका सहयोग ही इस मंच की सफलता की कुंजी है।

## क्वाड्रेंट फ्यूचर का आईपीओ के लिए मूल्य दायरा तय

**नई दिल्ली।** क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड ने अपने 290 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 275-290 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि आईपीओ सात जनवरी को खुलेगा और नौ जनवरी को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक छह जनवरी को बोली लगा पाएंगे।

आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, यह सार्वजनिक निर्गम पूर्णतः 290 करोड़ रुपये तक के नए शेयर का निर्गम है, जिसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं है। कंपनी ने आईपीओ लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष 27 दिसंबर को दस्तावेज दाखिल किए थे। क्वाड्रेंट एक शोध कंपनी है, जो भारतीय रेलवे की 'कवच' परियोजना के तहत नई पीढ़ी के ट्रेन नियंत्रक तथा 'सिग्नलिंग सिस्टम' विकसित करती है।

# देश का निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाएगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद, चालू वित्त वर्ष में भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है, जो एक रिकॉर्ड होगा। पिछले वित्त वर्ष में निर्यात 778 अरब डॉलर था।

गोयल ने कहा कि हालांकि वैश्विक स्तर पर तनाव होगा, लेकिन भारत के निर्यात का दायरा बड़ा है। मंत्री ने यहां कहा, ''मेरा अनुमान है कि हम निर्यात में 800 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर जाएंगे, जो वैश्विक स्थिति को देखते हुए एक और रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि सेवाओं के निर्यात में हिस्सेदारी भी तेज गति से बढ़ रही है। विकासशील और अल्प विकसित देशों (एलडीसी) को निर्यात के बारे में उन्होंने कहा कि वे देश कोविड-19 महामारी के बाद विदेशी मुद्रा संकट के कारण तनाव में हैं।



- चालू वित्त वर्ष में वस्तुओ व सेवाओं का निर्यात बढ़ा
- पिछले वित्त वर्ष में निर्यात 778 अरब डॉलर रहा

उन्होंने कहा कि लाल सागर संकट ने भी समुद्री परिवहन को प्रभावित किया है। इन सभी चुनौतियों और कई वस्तुओं पर सरकार के प्रतिबंधों के बावजूद, वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। गोयल ने कहा, ''आयात भी अधिक है, लेकिन यह एक तरह से बढ़ती अर्थव्यवस्था का संकेत है। यह दर्शाता है कि देश में बड़े पैमाने पर उपकरण, मशीनरी, कच्चे माल और मध्यवर्ती उत्पादों की मांग है।'

*ट्रंप के साथ मिलकर काम करने उत्सुक : मंत्री ने नए अमेरिकी प्रशासन के बारे में कहा, ''हम नए अमेरिकी प्रशासन के साथ और मजबूत तथा ठोस जुड़ाव की उम्मीद कर रहे हैं... हम (डोनाल्ड) ट्रंप प्रशासन के साथ फिर से काम करने के लिए उत्सुक हैं।''*

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?
वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

# सरकार ने एलपीजी के लिए गैस आवंटन में की कटौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने एलपीजी उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस के आवंटन में कटौती करने के साथ कम कीमत वाले ईंधन को इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) एवं अदाणी-टोटल गैस लिमिटेड जैसी शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को दे दिया है। सरकार ने सीमित उत्पादन के चलते पिछले साल अक्टूबर और नवंबर में भी मुंबई हाई और बंगाल की खाड़ी में बेसिन क्षेत्रों जैसे पुराने क्षेत्रों से आने वाली कम कीमत वाली प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 40 प्रतिशत तक की कटौती की थी।



### सीएनजी का आकर्षण हुआ कम

इस कटौती के कारण शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं ने सीएनजी की कीमतों में दो-तीन रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी करने के साथ आगे और मूल्य-वृद्धि की बात कही थी। मूल्य वृद्धि ने डीजल जैसे वैकल्पिक ईंधन की तुलना में सीएनजी का आकर्षण कम कर दिया है।

### गेल और ओएनजीसी को गैस आपूर्ति घटाई

इस स्थिति में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 31 दिसंबर के आदेश में जमीन के नीचे और समुद्र के नीचे से उत्पादित गैस के कुछ आवंटन में फेरबदल कर दिया। मंत्रालय ने एलपीजी के उत्पादन के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की गेल और ओएनजीसी को आपूर्ति की जाने वाली गैस में कटौती करने और उस मात्रा को शहरी गैस आपूर्तिकर्ताओं को देने का आदेश दिया।

### सरकार रसोई गैस पर देती है सब्सिडी

सरकार घरेलू रसोई गैस एलपीजी पर सब्सिडी देती है, इसलिए उत्पादन की उच्च लागत का बोझ सरकार को उठाना पड़ सकता है। मंत्रालय ने नए कुओं से गैस के आनुपातिक आवंटन का भी आदेश दिया है और ओएनजीसी के रामनद क्षेत्र को शहरी गैस क्षेत्र के लिए निर्धारित किया है, जो आदेश के अनुरूप शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को लगभग 17-20 लाख मानक घन मीटर गैस उपलब्ध कराएगा।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, इमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज


सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# नायर का लिस्ट ए में नया विश्व रिकॉर्ड, बिना आउट हुए बनाए सर्वाधिक 542 रन

एजेंसी ⏭ विजयनगरम

करुण नायर ने शुक्रवार को यहां विदर्भ को विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप डी मैच में उत्तर प्रदेश पर आठ विकेट की जीत दिलाने के दौरान बिना आउट हुए लिस्ट ए में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया। करुण ने न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स फ्रैंकलिन के 2010 में बनाए गए 527 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। दाएं हाथ के बल्लेबाज करुण आखिरकार 112 रन पर आउट हो गए जिससे उनकी कुल संख्या 542 रन पर रुक गई। इससे उन्होंने एक नया रिकॉर्ड बनाया। इस सूची में अन्य खिलाड़ी जोशुआ वैन हीर्डन (512), फखर जमां (455) और तौफीक उमर (422) शामिल हैं।




## विजय हजारे ट्रॉफी : ग्रुप डी मैच में विदर्भ ने दर्ज की 8 विकेट की जीत

### करुण का पांच मैचों में चौथा और लगातार तीसरा शतक

### आठ विकेट से जीता मैच

यह विजय हजारे ट्रॉफी में करुण का चौथा और लगातार तीसरा शतक था जिससे विदर्भ ने उत्तर प्रदेश के आठ विकेट पर 307 रन के स्कोर को 47.2 ओवर में हासिल कर लिया। यश राठौड़ ने 140 गेंद में नाबाद 138 रन बनाए जिससे विदर्भ ने दो विकेट पर 313 रन बनाकर जीत दर्ज की। करुण और यश ने दूसरे विकेट के लिए 228 रन की विशाल साझेदारी निभाई। विदर्भ शीर्ष पर इस जीत से विदर्भ पांच मैच में 20 अंक लेकर ग्रुप डी में शीर्ष पर पहुंच गया। तमिलनाडु (14 अंक) दूसरे स्थान पर और उत्तर प्रदेश (14 अंक) से तीसरे स्थान पर है।



## समीर का शतक बेकार

यूपी के स्टार युवा खिलाड़ी समीर रिजवी का बल्ला लगातार रन उगल रहा है। पहले अंडर-23 स्टेट ए ट्रॉफी में गदर मचाया अब विजय हजारे ट्रॉफी में दमदार शतक ठोक दिया है। यूपी के समीर रिजवी ने 82 गेंद पर 105 रन की पारी खेलकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। समीर रिजवी ने हाल ही में अंडर-23 स्टेट ए ट्रॉफी टूर्नामेंट में दो दोहरे शतक जड़े थे। समीर ने विदर्भ के खिलाफ उम्दा पारी खेली खेलते हुए लिस्ट ए क्रिकेट करियर का पहला शतक जड़ दिया। इस दौरान 7 छक्के और 5 चौके उड़ाए। मैच में उत्तरप्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 307 रन बनाए थे।



## खबर संक्षेप



### रोहित का बाहर होना एक भावनात्मक फैसला

**सिडनी।** भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट से खुद को बाहर करने के नियमित कप्तान रोहित शर्मा के फैसले को एक भावनात्मक, लेकिन निस्वार्थ कार्य बताया। पंत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, 'कुछ ऐसे फैसले होते हैं जिनमें शामिल नहीं रहते। मुझे इससे ज्यादा इस बारे में नहीं बोल सकता। यह एक भावनात्मक फैसला था और हम रोहित को एक लीडर के तौर पर देखते हैं।' रोहित की अनुपस्थिति में कप्तानी संभाल रहे बुमराह ने टॉस के दौरान कहा था कि मैच से बाहर रहने का फैसला पूरी तरह से रोहित का था। उन्होंने कहा, हमारे कप्तान ने खुद को आराम देकर नेतृत्वकर्ता होने का उदाहरण पेश किया है।

### बुमराह का सामना करना चुनौतीपूर्ण

**सिडनी।** पदार्पण कर रहे हरफनमौला खिलाड़ी ब्यू वेबस्टर का मानना है कि तेज गेंदबाजों की मददगार एससीजी पिच पर भारत के शीर्ष गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का सामना करना एक बड़ी चुनौती होगी। वेबस्टर ने दिन के खेल के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'इस विकेट पर बल्लेबाजी करने का एक तरीका है। उनकी टीम में जसप्रीत बुमराह के जैसा एक विश्व स्तरीय गेंदबाज है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह हमारे पूरे बल्लेबाजी समूह को चुनौती देगा।



### सभी भारतीय कोच के लिए प्रेरणादायक

**नई दिल्ली।** खुद को पुरानी और नई पीढ़ी के कोच के बीच 'पुल' बताने वाले द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता 71 साल के अरमांडो कोलाको का मानना है कि यह सम्मान भारतीय फुटबॉल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए देश के अनुभवी कोच के लिए प्रेरणा का काम करेगी।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : पांचवे टेस्ट के पहले दिन आस्ट्रेलिया का स्कोर 9/1

# रोहित 'टीम से बाहर', भारत 185 रन पर ढेर, कोहली 7वीं बार एक पैटर्न पर आउट

एजेंसी ⏭ सिडनी

रोहित शर्मा ने भले ही टीम के हित में खुद को बाहर रखने का फैसला किया लेकिन नए साल में भी भारतीय बल्लेबाजों का हाल नहीं बदला है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और आखिरी टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को पूरी भारतीय टीम 185 रन पर आउट हो गई। खराब फॉर्म और तकनीकी कमजोरियों से जूझ रहे विराट कोहली 69 गेंद में 17 रन बनाकर आउट हुए। आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद उन्हें लगातार परेशान करती आ रही है और यहां भी उन्होंने अपना विकेट आसानी से गंवा दिया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर आस्ट्रेलिया ने एक विकेट पर नौ रन बनाए थे। कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने खराब फॉर्म से जूझ रहे उस्मान ख्वाजा (दो) को पवेलियन भेज दिया। युवा सैम कोंस्टास सात रन बनाकर खेल रहे थे जिन्होंने बुमराह को पहली गेंद पर चौका लगाया। बुमराह और कोंस्टास के बीच हल्की बहस भी देखी गई। इससे पहले बुमराह ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन भारतीय बल्लेबाजों को अति रक्षात्मक खेलने का खामियाजा भुगतना पड़ा।



### कप्तान ने दिया नेतृत्व का परिचय

खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और आखिरी टेस्ट से शुक्रवार को खुद को बाहर रखा जिससे टेस्ट क्रिकेट में उनके भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लग गया। रोहित अपने खराब फॉर्म की वजह से किसी मैच से बाहर रहने वाले पहले भारतीय कप्तान बने। उपकप्तान जसप्रीत बुमराह आखिरी टेस्ट में कप्तानी कर रहे हैं। बुमराह ने टॉस के समय कहा, 'हमारे कप्तान ने नेतृत्व का परिचय देकर खुद को इस टेस्ट से आराम दिया है। इससे साबित होता है कि टीम में कितनी एकता है।'

### एससीजी पर पहले दिन रिकॉर्ड 47,566 दर्शक

**सिडनी।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पांचवें और आखिरी टेस्ट के पहले दिन सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर 47,586 दर्शक जुटे जो दोनों टीमों के बीच किसी टेस्ट मैच में यहां पहले दिन दर्शक संख्या का नया रिकॉर्ड है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान आस्ट्रेलिया में भारी संख्या में दर्शक मैदान में आए हैं। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने एक्स पर लिखा, 'रिकॉर्ड टूटते जा रहे हैं। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पहले दिन 45000 से अधिक दर्शक।'

### 14वीं बार भारत 80 ओवर से पहले ऑलआउट

भारतीय टीम ने एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम 2024 से सबसे ज्यादा बार टेस्ट में 80 ओवर से भी कम पर ऑलआउट होने वाली दूसरी टीम बन गई है। भारत अब तक 14 बार टेस्ट में 80 ओवर भी नहीं खेल सकी है। इस सूची में शीर्ष पर इंग्लैंड की टीम है जो 18 बार 80 ओवर नहीं खेल सकी है। भारत ने इस मामले में न्यूजीलैंड और बांग्लादेश को पीछ छोड़ा जो 13 बार 80 ओवर से पहले ऑलआउट हुए हैं।

### बोलैंड के ऑफ स्टम्प गेंद पर कोहली आउट

क्या विराट कोहली वाकई ऑफ स्टम्प की गेंदों पर असहाय हो चुके हैं। कवर ड्राइव का मास्टर बल्लेबाज बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खलिाफ 'नरीह' बन चुका है? यह हम नहीं, खुद कोहली के आंकड़े कह रहे हैं। इस सीरीज में कोहली कुल 7 बार ऑफ स्टम्प की दिशा की गेंद को जबरयिा खेलने के चक्कर में आउट हुए हैं। खास बात यह है कि कोहली इसके अलावा किसी और दूसरे तरीके से इस सीरीज में आउट नहीं हुए हैं। बोलैंड ने चौथी बार किंग कोहली को आउट किया। वहीं, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में यह 7वां मौका था जब गेंद कोहली के बल्ले के बाहरी किनारे से लगी और विकेट के पीछे आउट हुए।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का वेबस्टर बो बोलैंड | 10 | 26 | 1 | 0 |
| राहुल का कोंस्टास बो स्टार्क | 04 | 14 | 0 | 0 |
| शुभमन का स्मिथ बो लियोन | 20 | 64 | 2 | 0 |
| कोहली का वेबस्टर बो बोलैंड | 17 | 69 | 0 | 0 |
| ऋषभ पंत का कमिंस बो बोलैंड | 40 | 98 | 3 | 1 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा बो स्टार्क | 26 | 95 | 3 | 0 |
| रेड्डी का स्मिथ बो बोलैंड | 00 | 01 | 0 | 0 |
| सुंदर का कैरी बो कमिंस | 14 | 30 | 3 | 0 |
| कृष्णा का कोंस्टास बो स्टार्क | 03 | 10 | 0 | 0 |
| बुमराह का स्टार्क बो कमिंस | 22 | 17 | 3 | 1 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 | 16 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 26, योग : 72.2 ओवर में 185/10
गेंदबाजी : स्टार्क 18-5-49-3, कमिंस 15.2-4-37-2, बोलैंड 20-8-31-4, वेबस्टर 13-4-29-0, लियोन 6-2-19-1.

## टेनिस

# जोकोविच उलटफेर के शिकार ओपेल्का की सबसे बड़ी जीत



एजेंसी ⏭ ब्रिस्बेन

नोवाक जोकोविच को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां राइली ओपेल्का के खिलाफ सीधे सेटों में 6-7, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। अमेरिका के ओपेल्का ने 16 ऐस लगाकर अपने कॅरियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

सैंतीस साल के जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी के लिए इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की शुरुआत 12 जनवरी से होगी और जोकोविच इसके 10 बार के चैंपियन रहे हैं। ओपेल्का ने फरवरी 2022 में सर्वश्रेष्ठ कॅरियर रैंकिंग 17 हासिल की है। कूल्हे की सर्जरी के कारण खेल से दूर रहने के कारण उनकी मौजूदा रैंकिंग 293 है।

ओपेल्का के सामने सेमीफाइनल में जी. एमपेत्शी पेरीकार्ड की चुनौती होगी। पेरीकार्ड ने याकूब मेनसिक को 7-5, 7-6 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में जिरी लेहेका का मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। लेहेका ने निकोलस जैरी को 6-4, 6-4 से हराया और जॉर्डन थॉम्पसन के रिटायर होने पर दिमित्रोव ने अंतिम चार में जगह पक्की की। खेल रोके जाते समय दिमित्रोव 6-1, 2-1 से आगे थे।

## अय्यर के शतक से मुंबई ने दर्ज की बड़ी जीत

एजेंसी ⏭ विजयनगरम

श्रेयस अय्यर के 137 रन की मदद से मुंबई ने शुक्रवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी मैच में पुडुचेरी को 163 रन से हराकर बड़ी जीत दर्ज की।



रविकुमार समर्थ के 104 रन की मदद से उत्तराखंड ने जयपुर में ग्रुप ए मैच में झारखंड के खिलाफ चार विकेट से जीत हासिल की। नवी मुंबई में सिद्धेश वीर की नाबाद 115 रन की विजय पारी से महाराष्ट्र ने ग्रुप बी मैच में आंध्र को पांच विकेट से पराजित किया। भारतीय गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने शानदार स्पैल डाला जिससे तमिलनाडु ने मिजोरम को 21.2 ओवर में महज 71 रन पर समेट दिया और फिर 40 ओवर रहते 10 विकेट से जीत दर्ज की। वरुण ने 5.2 ओवर में दो मेडन से नौ रन देकर पांच विकेट झटके। मुंबई की अहमदाबाद में जीत में अय्यर की 137 रन की नाबाद पारी अहम रही जिससे मुंबई ने ग्रुप सी मैच में पुडुचेरी को 163 रन के बड़े अंतर से शिकस्त दी।

## रिकेलटन-बावुमा के शतक, अफ्रीका का स्कोर 300 पार

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका ने रेयान रिकेलटन (नाबाद 176 रन) और कप्तान तेम्बा बावुमा (106 रन) के शतकों की मदद से शुक्रवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के शुरुआती दिन स्टंप तक अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 316 रन बना लिए। दिन का खेल समाप्त होने तक रिकेलटन 232 गेंद में 21 चौके और एक छक्के से 176 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। दूसरे छोर पर डेविड बेडिंगहम चार रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने पहला विकेट सलामी बल्लेबाज ऐडन मार्कराम (17 रन) के रूप में 61 रन के स्कोर पर गंवाया। कुछ ही देर में वियान मुल्डर (05) और ट्रिस्टन स्टब्स (शून्य) भी पवेलियन लौट गए। इसके बाद रिकेलटन और बावुमा ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 235 रन की भागीदारी निभाकर अपने शतक पूरे किए और टीम को बड़े स्कोर की ओर अग्रसर किया।




# पहलवान संग्राम सिंह 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' को देंगे बढ़ावा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' पहल की लय बरकरार रखते हुए भारतीय सेना के जवान और पहलवान संग्राम सिंह रविवार को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में 'ड्रग्स' के खिलाफ अभियान में हिस्सा लेंगे। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान की शुरुआत की थी। संग्राम सिंह एक भारतीय मिश्रित मार्शल आर्ट (एमएमए) फाइटर और पूर्व राष्ट्रमंडल हैवीवेट कुश्ती चैंपियन हैं। यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में 500 से अधिक साइकिल चालकों के भाग लेने की संभावना है जिसमें भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के शिविर में शामिल खिलाड़ी और राष्ट्रीय राजधानी में विभिन्न साइकिलिंग क्लबों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। खेल मंत्रालय भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) और 'एमवाई भारत' के सहयोग से 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का आयोजन करता है।



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार का उपक्रम | Union Bank of India A Government of India Undertaking
अंचल कार्यालय, यूनियन बैंक भवन, 1513/1/1,द्वितीय तल अरेरा हिल्स, भोपाल-462011

**शाखाओं एवं एटीएम में, सुरक्षा प्रहरी (सशस्त्र / बिना शस्त्र) पदस्थ करने के लिए प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी एवं सुरक्षा उपकरणों (सीसीटीवी, फायर एलार्म, सेक्युर्टी एलार्म एवं अग्निशामक सिलिंडर) के आपूर्ति स्थापना एवं रख रखाव के लिए वेंडरों को सूचीबद्ध करने हेतु निविदा नोटिस**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, अंचल कार्यालय भोपाल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित अपनी शाखाओं / एटीएम /कार्यालयों में सुरक्षा प्रहरी (सशस्त्र/बिना शस्त्र) पदस्थ करने के लिए प्राइवेट सुरक्षा एजेंसियों एवं सुरक्षा उपकरणों (सीसीटीवी, फायर एलार्म, सेक्युर्टी एलार्म एवं अग्निशामक सिलिंडर) के आपूर्ति स्थापना एवं रख रखाव के लिए से एजेंसियों / विक्रेताओं को सूचीबद्ध करने हेतु दो बिड़ (Two Bid) सिस्टम में मुहर बन्द निविदा आमंत्रित करता है। इच्छुक फर्म / एजेंसियाँ / विक्रेता जो बैंक के मानकों को पूरा करती है, उपरोक्त पते से निविदा फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी /निविदा प्रारूप को बैंक की वैबसाइट www.unionbankofindia.co.in एवं https://eprocure.gov.in से डाउनलोड कर चाहे गए दस्तावेजों सहित दिनाँक 27.01.2025 को दोपहर 3.30 तक या इसके पहले उक्त पते पर जमा करें। सम्पूर्ण जानकारी एवं आर.एफ.पी. (Request for proposal) फॉर्म बैंक की वेबसाइट पर दिनाँक 04.01.2025 से 26.01.2025 तक उपलब्ध है।

दिनाँक 02/01/2025 उप महा प्रबन्धक

### इतने से खुश नहीं, अगला लक्ष्य ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना है

# खेल रत्न पुरस्कार सबसे बड़ी उपलब्धि : हरमनप्रीत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ओलंपिक पदक के बाद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने जाने से उत्साहित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि यह सम्मान उनकी 'शानदार' यात्रा की मान्यता है जिसमें उन्हें भविष्य में बहुत कुछ हासिल करना है।

पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, शतरंज के विश्व चैंपियन डी गुकेश, हरमनप्रीत और पैरालंपिक ऊंची कूद के स्वर्ण विजेता प्रवीण कुमार को खेल मंत्रालय ने गुरुवार को 2024 मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना है। हरमनप्रीत ने कहा, 'यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। यह मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं। ऐसा लगता है कि यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा हिस्सा है। मुझे इतना बड़ा पुरस्कार और मान्यता मिल रही है।' पेरिस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 10 गोल करने वाले इस 28 साल के खिलाड़ी का करियर उपलब्धियों से भरा रहा है। वह पेरिस से पहले टोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के भी सदस्य थे। उन्होंने 2016 में जूनियर विश्व कप में स्वर्ण, राष्ट्रमंडल खेलों में रजत, एशियाई खेलों में स्वर्ण और कांस्य के अलावा चैंपियंस ट्रॉफी में दो रजत पदक जीते है। हरमनप्रीत ने पिछले वर्ष सहित तीन बार एफआईएच साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है। वह हालांकि इन उपलब्धियों से संतुष्ट नहीं है और अभी करियर में काफी कुछ हासिल करना चाहते हैं।




### विश्व कप में पदक जीतने पर नजर

भारतीय हॉकी टीम की रक्षापंक्ति के इस खिलाड़ी की नजर अब विश्व कप में पदक जीतने पर है। विश्व कप का आयोजन अगले साल बेल्जियम में होगा। हरमनप्रीत ने कहा, 'निश्चित रूप से मेरा मुख्य लक्ष्य विश्व कप होगा क्योंकि लंबे समय से हमने विश्व कप में कोई पदक नहीं जीता है। लेकिन ऐसा नहीं है कि अपने जीवन में सब कुछ हासिल कर लिया है। हमने ओलंपिक में लगातार पदक जीते हैं लेकिन हमारा अगला लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना और सभी प्रमुख टूर्नामेंट जीतना होगा। यह चरण दर चरण प्रक्रिया है और हम एक टीम के रूप में अपने लक्ष्य हासिल करना चाहेंगे।'






# 5000 साल पहले कैसी दिखती थी पांडवों की राजधानी इंद्रप्रस्थ? सामने आई तस्वीरें

इंद्रप्रस्थ, यानी पांडवों की राजधानी, अगर आपने महाभारत टीवी पर देखा हो या पढ़ा होगा तो आप जानते होंगे कि इस प्राचीन शहर का कितना महत्व रहा है। पर क्या आपने कभी सोचा है कि जब महाभारत का काल रहा होगा, उस वक्त ये शहर कैसा दिखता रहा होगा!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जानकारों का मानना है कि महाभारत का काल 3000 साल ईसा पूर्व था। यानी आज के समय से 5000 साल से भी ज्यादा समय। तो सोचिए कि कोई शहर हजारों साल पहले कैसा दिखता रहा होगा? हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी तकनीक ने इमैजिन किया कि इंद्रप्रस्थ, यानी पांडवों की राजधानी 5000 साल पहले कैसी रही होगी।

## आज का दिल्ली ही है इंद्रप्रस्थ

इस वीडियो को 8 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं, जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक ने कहा कि उस युग में पैदा होना कितनी किस्मतवाली बात रही होगी। एक ने कहा कि डिज्नी वालों को ऐसे इंडियन थीम पर मूवी बनानी चाहिए। एक ने कहा- सुबह-सुबह मन प्रसन्न हो गया मित्र.यथार्थ नाम है 'इंद्रप्रस्थ।' एक ने कहा कि आज का दिल्ली ही इंद्रप्रस्थ है।



## विशाल महल में चलते-फिरते नजर आ रहे लोग

वायरल वीडियो को देखते ही आप दंग रह जाएंगे और आपके होश उड़ जाएंगे, क्योंकि एक भव्य साम्राज्य को दिखाया गया है। विशाल महल में चलते-फिरते लोग नजर आ रहे हैं। उसी में कई बाजार भी दिख रहे हैं जिसमें आम जनता है, दुकानदार भी मौजूद हैं। महल के अंदर का भी दृश्य दिखाया गया है, जिसमें खूबसूरत बगीचे हैं, राजा बैठे हैं, सैनिक हैं, कई योद्धा भी दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा लोग दुकानों में खाना बनाते दिख रहे हैं। कुछ लोग मछली बेचते नजर आ रहे हैं, औरतें हैं, गुरुकुल में छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। इसे देखकर आपको जरूर लगेगा कि आप उसी दौर में पहुंच जाते तो अच्छा होता.

यूनेस्को की वर्ल्ड हैरिटेज साइट में भी शुमार

# परियों के देश जैसा है गांव देखकर जाने को करेगा मन



एजेंसी ▶▶| लंदन

जब भी घूमने-फिरने की बात आती है, लोगों की निगाहें किसी ऐसी जगह को ढूंढने लगती हैं, जो उनके सपनों में रही हो। किसी को बर्फ से ढके हुए पहाड़ पसंद होते हैं तो किसी को दूर तक फैला हुआ समंदर। वैसे जब कभी आपने परियों की कहानी सुनी होगी तो एक खूबसूरत देश की कल्पना की होगी। एक ऐसा ही गांव है, जिसे जिसने भी देखा बस वहां जाने के बारे में सोचने लगा।

कुछ जगहें होती ही इतनी सुंदर होती हैं कि देखते ही निगाहों में बस जाती हैं। आपका दिल करता है कि बस यहीं जाकर रह जाएं। एक ऐसा ही गांव है, जहां हर कोई जाना चाहता है पर यहां के लोग बहुत परेशान हैं। खासतौर पर अगर बर्फबारी का मौसम होता है, तो ये गांव बिल्कुल स्वर्ग बन जाता है। आखिर इतने सबके बाद भी यहां के निवासी क्यों परेशान हैं?

ये गांव नहीं परियों की कहानी है मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रिया के साल्ज़कममेरगुट प्रांत में एक छोटा सा गांव है, जिसका नाम हॉलस्टैट है। ये गांव इतना सुंदर है कि बिल्कुल परियों की कहानी से निकला लगता है। ऑस्ट्रिया के टॉप ट्रैवेल डेस्टिनेशन में भी ये गांव शामिल हैं।

## इस वजह से परेशान हैं ग्रामीण

आप सोच रहे होंगे कि इतना मशहूर होने के बाद भी यहां के लोग आखिर किस बात से परेशान हैं। इसका जवाब ये है कि उन्हें यहां आने वाले सैलानियों से ही दिक्कत है। पीक टाइम में यहां रोज़ाना 10 हज़ार विजिटर्स आते हैं, जो ग्रामीणों की प्राइवेसी के लिए मुश्किल साबित होता है। यही वजह है कि उन्होंने यहां शाम 5 बजे के बाद टूरिस्ट बसों का आना बंद करा दिया। उन्होंने यहां की एक सुरंग भी एक बार ब्लॉक कर दी थी और सैलानियों को रोकने की अपील की थी। वे एंटी सेल्फी फेंस भी लगा चुके हैं और एक मशहूर पहाड़ पर भी बैरिकेड कर चुके हैं। उनका कहना है कि छोटे से गांव में इतने सैलानियों के आने से उन्हें दिक्कत होती है। ऐसे में अपील की जा रही है कि कम से कम सैलानी आएं और ऑफ सीज़न में आने की कोशिश करें।

## नमक की एक खूबसूरत खान भी

इस गांव में 800 लोग रहते हैं और ये यूनेस्को की वर्ल्ड हैरिटेज साइट में भी शुमार है। यहां इंसानों की खोपड़ियों को पेंट करके रखा गया है, जो एल्पाइन ट्रैडिशन है। इसके अलावा यहां पर नमक की एक खूबसूरत खान भी है। अपनी सुंदरता की वजह से सोशल मीडिया के ज़माने में इतने लोग यहां पहुंचते हैं कि कभी भी गांव खाली नहीं रहता।




विमानों का उतरना और उड़ान भरना किसी चुनौती से कम नहीं

# दुनिया के सबसे खतरनाक हवाई अड्डे हमेशा बना रहता है प्लेन क्रैश का खतरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एरोप्लेन यानी हवाई जहाज से सफर करना एक रोमांचक अनुभव होता है। बादलों के ऊपर से उड़ना, नीचे की दुनिया को छोटे-छोटे घरों और खेतों के रूप में देखना अद्भुत होता है। टेक-ऑफ के समय का रोमांच और लैंडिंग की उत्सुकता, दोनों ही यादगार पल होते हैं। कई हवाई अड्डे अपनी भव्यता और आधुनिक सुविधाओं के लिए जाने जाते हैं, लेकिन कुछ एयरपोर्ट ऐसे भी होते हैं जो अपनी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के कारण दुनिया के सबसे खतरनाक हवाई अड्डों में गिने जाते हैं। इन हवाई अड्डों पर विमानों का उतरना और उड़ान भरना किसी चुनौती से कम नहीं होता, जहां पायलटों को अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ती है। जरा सी चूक भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे ही खतरनाक हवाई अड्डों के बारे में बताने जा रहे हैं-



## तेनजिंग-हिलेरी हवाई अड्डा (लुकला), नेपाल


नेपाल में स्थित तेनजिंग-हिलेरी हवाई अड्डा, जिसे लुकला हवाई अड्डे के नाम से भी जाना जाता है, दुनिया के सबसे खतरनाक हवाई अड्डों में से एक है। हिमालय की गोद में बसे लुकला शहर में स्थित यह हवाई अड्डा अपनी चुनौतीपूर्ण भौगोलिक स्थिति के लिए कुख्यात है। इसका रनवे केवल 460 मीटर लंबा है, जो छोटे विमानों के लिए भी बेहद कम है। रनवे के दोनों ओर गहरी खाइयां हैं, जिनकी गहराई लगभग 600 मीटर है।

## माले अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मालदीव



मालदीव का मुख्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, जिसे वेलाना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के नाम से भी जाना जाता है, समुद्र के किनारे से केवल 2 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह हवाई अड्डा हुलहुले द्वीप पर स्थित है और पूरी तरह से अलकतरा से बना है। इसकी समुद्र तल से कम ऊंचाई के कारण पायलटों के लिए विमानों की लैंडिंग और टेक-ऑफ करना बेहद मुश्किल होता है। चारों तरफ से पानी से घिरा होने के कारण यहां लैंडिंग और टेक-ऑफ के दौरान हवा की स्थिति भी अप्रत्याशित हो सकती है, जो पायलटों के लिए एक अतिरिक्त चुनौती होती है।

## पारो हवाई अड्डा, भूटान



भूटान, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऊंचे पहाड़ों के लिए प्रसिद्ध है। यहां स्थित पारो हवाई अड्डा दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण हवाई अड्डों में से एक माना जाता है। यह हवाई अड्डा हिमालय की ऊंची चोटियों के बीच एक गहरी घाटी में स्थित है। चारों तरफ से ऊंचे पहाड़ों से घिरे होने के कारण यहां विमानों की लैंडिंग और टेक-ऑफ करना बेहद मुश्किल होता है। पायलटों को यहां उतरने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है, क्योंकि उन्हें संकरी घाटियों से होकर उड़ान भरनी होती है और घरों के ऊपर से गुजरना होता है।

## बार्रा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, स्कॉटलैंड

स्कॉटलैंड के बाहरी हेब्रिड्स द्वीप समूह के बार्रा द्वीप पर स्थित बार्रा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अपनी अनूठी विशेषता के लिए जाना जाता है। यह दुनिया का एकमात्र ऐसा हवाई अड्डा है जहां रनवे समुद्र तट पर स्थित है। इसका मतलब है कि जब ज्वार ऊंचा होता है, तो रनवे पूरी तरह से पानी में डूब जाता है। इस कारण यहां विमान केवल निश्चित समय पर ही उतर सकते हैं, जब ज्वार कम होता है। यह हवाई अड्डा समुद्र तल से केवल 5 मीटर ऊपर स्थित है, जिससे उच्च ज्वार के दौरान रनवे का पानी में डूबना एक आम बात है। पायलटों को ज्वार के समय का ध्यान रखते हुए अपनी उड़ानों की योजना बनानी होती है, जो इस हवाई अड्डे को और भी चुनौतीपूर्ण बनाता है।




# जमीन की खुदाई में मिली 'दूसरी दुनिया', 3 हजार साल पुराना है इतिहास



**मैक्सिको सिटी।** कई बार कुछ चीज़ें यूं ही सामने आ जाती हैं, जिनके बारे में हमें पहले से कल्पना ही नहीं होती है। कुछ ऐसा ही हुआ जब एक दक्षिणी मैक्सिको के पीएचडी स्टूडेंट को गूगल सर्च करते हुए कुछ ऐतिहासिक मिल गया। उसे चीन के मैरिटाइम सिल्क रोड की शुरुआत में ही कुछ प्राचीन शहर जैसा दिखाई दिया। जब इस जगह की खुदाई की गई, तो यहां जो कुछ था, वो पुरातत्व विभाग के लिए किसी आश्चर्य से कम नहीं था।

द सन की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के दक्षिण पूर्वी हिस्से में मौजूद सिटी ऑफ गुइलिन में ये गोंगशेंग याओ काउंटी मौजूद है, जहां पर ये द नियुलुचॉन्ग साइट मौजूद है। इसे पहली बार साल 2022 में एक बिल्डर ने ढूंढा था, जब उसे खुदाई में कुछ पैटर्न्ड ईंटें और टूटे हुए बर्तन यहां से मिले थे। हालांकि, इस बार वहां से जो मिला है, वो पूरे शहर का सेटअप है।

## 3000 साल पुराना शहर आया सामने

इस प्रोजेक्ट की लीडर हे एन्यी ने बताया कि उन्हें खुदाई में डबल सिटी दीवारें और उसके आस-पास खाई हैं। नियुलुचॉन्ग में इस तरह का प्राचीन सेटअप लगभग 165 मीटर लंबा और 140 मीटर चौड़ा है। ये पूरा इलाका 23,100 वर्गमीटर में फैला हुआ है। शहर कि उत्तरी और पश्चिमी दीवारें अच्छी स्थिति में हैं। पुरातत्ववेत्ताओं ने यहां के आकर्षक सांस्कृतिक अवशेष निकाले हैं, जिनमें बर्तन और पत्थरों के उपकरण मौजूद हैं। राख के गड्ढे और खंभों के गड्ढे मौजूद हैं।

# हमेशा जीजू-जीजू करती थी सहेलियां, दोस्त को नहीं लगी भनक, तीन सालियों ने यूं बांटा सुहाग!



**बीजिंग।** दुनिया में कई ऐसे लोग हैं, जो छुप-छुपाके दूसरी लड़कियों के साथ मौज-मस्ती करते हैं। उन्हें लगता है कि उनकी चोरी पकड़ी नहीं जा सकती है। लेकिन, जब सच्चाई सामने आती है, तो मुंह छुपाने के अलावा कोई चारा नहीं बचता। ऐसा ही कुछ ताइवान के एक बिजनेसमैन के साथ हुआ। उसका अफेयर न सिर्फ वहां की सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर नानाको कूरी के साथ था, बल्कि उसकी बीवी की तीन सहेलियां भी उसके साथ अक्सर रंगरेलियां मनाती थीं। महिला को भनक तक नहीं लगी कि जो सहेलियां उसके पति को हमेशा जीजू-जीजू कहती थीं, वो उसके सुहाग को ही बांट लेंगी। हालांकि, बिजनेस टायकून के नाम का खुलासा तो नहीं हुआ है, लेकिन इस खबर ने सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर नानाको कूरी का जीना जरूर मुहाल कर दिया है।

## विश्वासघात से महिला को लगा सदमा

अपने पति और सहेलियों के इस विश्वासघात से महिला को सदमा लगा और उसने मामले को उजागर करना उचित समझा। बता दें कि इंस्टाग्राम पर नानाको के 54,000 से अधिक फॉलोअर्स हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी छवि लग्जरी लाइफ और ग्लैमरस दुनिया के इर्द-गिर्द बनाया है। वे अक्सर ब्रांडेड कपड़ों, बढ़िया भोजन और पांच सितारा होटलों की तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हालांकि, बिजनेस टायकून की पत्नी का मानना है कि नानको की लग्जरी लाइफस्टाइल के पीछे उसके पति का पैसा है। महिला को मोबाइल में जो तस्वीरें मिलीं, उनमें से एक में नानाको एक चैनल बैग पकड़े हुए बिजनेसमैन के साथ खड़ी थीं, जिसके बारे में माना जा रहा है कि यह बैग महिला के पति की ओर से उपहार स्वरूप दिया गया है।

## पत्नी को मिले कई तस्वीरें और वीडियो


अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर इस मामले का खुलासा कैसे हुआ? ऐसे में बता दें कि एक दिन पत्नी ने चुपके से अपने पति का फोन चेक किया। फोन में कई तस्वीरें और वीडियो मिले, जिनमें नानाको और महिला के तीन दोस्तों के साथ अंतरंग तस्वीरें भी शामिल थीं। तस्वीरें और वीडियो देखने के बाद महिला का माथा ठनका और उसने इस मामले को सार्वजनिक रूप से उजागर कर दिया। सबसे अधिक चौंकाने वाली तस्वीरों में महिला के पति और नानाको के साथ तीन अन्य महिलाएं थीं, जो खुद को तौलिए से ढके बिना ही गर्म पानी के झरने से नहाने का आनंद ले रही थीं। पत्नी को सबूत के तौर पर कई वीडियो भी मिले, जिससे पता चलता है कि उसका पति न केवल नानाको के साथ बल्कि अन्य महिलाओं के साथ भी 'हरम' बनाकर संबंध रखता था।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com